दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

वर्ष-5, अंक:151 | जयपुर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:



देश का Darpan News TV — Comming Soon

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अख़बार

प्रदेश के ताजा समाचार

अपने लेख एवं समाचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत

7014997449, 9636058201

Email : deshkadarpannews@...

web : www.deshkadarpannews.co


## फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' 26 अगस्त को नौसेना के समुद्री बेड़े में शामिल होंगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अग्रिम पंक्ति के स्टील्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' को भारतीय नौसेना अपने समुद्री बेड़े में शामिल करने के लिए तैयार है। यह पहली बार होगा जब दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्डों के दो प्रमुख सतही लड़ाकू जहाजों को एक ही समय में 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में नौसेना में शामिल किया जाएगा। दो जहाजों का एक साथ नौसेना में शामिल होना भारत के तेजी से बढ़ते नौसैनिक आधुनिकीकरण और विभिन्न शिपयार्डों से अत्याधुनिक युद्धपोतों की आपूर्ति करने का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रोजेक्ट 17ए के तहत स्टील्थ फ्रिगेट्स का दूसरा जहाज 'उदयगिरि' मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने निर्मित किया है, जबकि 'हिमगिरि' कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में निर्मित इसी प्रोजेक्ट का पहला जहाज है। भारतीय नौसेना के लिए एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि उदयगिरि नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो में डिजाइन किया गया 100वां जहाज है। डिजाइन के लिहाज से देखा जाए तो उदयगिरि और हिमगिरि अगली पीढ़ी के जहाज हैं। लगभग 6,700 टन विस्थापन वाले प्रोजेक्ट 17ए के यह फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती शिवालिक-श्रेणी के फ्रिगेट से लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं। फिर भी इनका आकार अधिक सुडौल है और इनका रडार क्रॉस सेक्शन कम है। नौसेना



के मुताबिक इन्हें डीजल इंजन और गैस टर्बाइनों का उपयोग करते हुए संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्रों से संचालित किया जाता है, जो नियंत्रणीय-पिच प्रोपेलर चलाते हैं और एक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से प्रबंधित होते हैं। हथियार सूट में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन हथियार प्रणालियों और पनडुब्बी रोधी/पानी के नीचे की हथियार प्रणालियों का संयोजन शामिल है। दोनों जहाजों के निर्माण में 200 से अधिक एमएसएमई का सहयोग रहा है। इनसे लगभग 4,000 प्रत्यक्ष नौकरियों और 10 हजार से अधिक अप्रत्यक्ष नौकरियों का मौका मिला है।

**आत्मनिर्भरता का एक गौरवशाली प्रमाण**

उदयगिरि और हिमगिरि का जलावतरण जहाजों के डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके बाद अन्य स्वदेशी जहाजों, जैसे विध्वंसक आईएनएस सूरत, फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि, पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, पनडुब्बी आईएनएस अर्णाला और गोताखोरी सहायता पोत आईएनएस निस्तार का जलावतरण 2025 में ही होगा। कठोर समुद्री परीक्षणों के दौरान फ्रिगेट्स के पतवार, मशीनरी, अग्निशमन, क्षति नियंत्रण, नौवहन और संचार प्रणालियों ने पुष्टि की है कि वे परिचालन तैनाती के लिए तैयार हैं।? विशाखापत्तनम में होने वाला समारोह आत्मनिर्भर समुद्री रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की ओर भारत की यात्रा का उत्सव होगा।

## हरियाली और पर्यावरण में भी इंदौर बनेगा देश का अग्रणी शहर: केन्द्रीय मंत्री संजय सेठ

**एजेंसी**

**इंदौर।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इंदौर का योगदान सराहनीय है। मध्य प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में इंदौर ने विगत वर्ष 51 लाख से अधिक पौधे लगाकर एक बड़ा लक्ष्य हासिल किया है, जो नागरिकों के सहयोग से संभव हुआ। एक पेड़ मां के नाम एवं एक बगिया मां के नाम अभियान से पूरे भारत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश गया है। जिस प्रकार इंदौर ने स्वच्छता में लगातार आठवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उसी तरह हरियाली और पर्यावरण में भी इंदौर देश का अग्रणी शहर बनेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए इंदौर ने जो काम किया है, उसका अनुसरण देश के अन्य शहर करके यह मुकाम प्राप्त कर सकते हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ मध्य प्रदेश के इंदौर में एक बगिया मां के नाम अभियान



अंतर्गत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर इंदौर में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया गया। यहां बीएसएफ परिसर एवं पितृ पर्वत के पीछे गांधीनगर थाने के पास 11-11 हजार पौधों का रोपण कार्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायकगण महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा तथा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को इंदौर ने पूरे जोश और समर्पण से अपनाया है। पिछले वर्ष रेवती रेंज एवं अन्य स्थानों पर 51 लाख पौधों का रोपण किया गया, जिसमें पितृ पर्वत जैसे स्थान हरियाली से आच्छादित हो गए हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं, उसकी देखभाल करें और आने वाली पीढ़ी के लिए हरियाली का उपहार छोड़ें। विजयवर्गीय ने कहा कि आज का पौधारोपण भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के बीच यह संकल्प हमें आने वाले समय में राहत देगा।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस होगा नागपुर का अजनी रेलवे स्टेशन

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित अजनी रेलवे स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए 359.82 करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह परियोजना भारतीय रेलवे की छवि को बदलने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) और रेलवे की इस संयुक्त परियोजना के प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट प्रतीक पुरकर ने बताया कि कुल 44 एकड़ रेलवे भूमि में से फिलहाल 7-8 एकड़ क्षेत्र में कार्य चल रहा है। योजना के अनुसार स्टेशन के दोनों ओर प्रतिष्ठित भवन, अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा रही है। अजनी स्टेशन पर कुल 3 प्लस 3 लेवल का थ्री टायर स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है, जिसमें यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया, कैफेटेरिया, रिटेल आउटलेट्स और अन्य सुविधा केंद्र होंगे। स्टेशन परिसर में 21 लिफ्ट, 17 एस्केलेटर और 6 ट्रैवलेटर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पूरा परिसर दिव्यांगजन अनुकूल होगा।उन्होंने बताया कि स्टेशन पर 4,320 वर्ग मीटर का रूफ प्लाज़ा विकसित किया जाएगा, जहां यात्रियों के लिए अत्याधुनिक वेटिंग लाउंज उपलब्ध होगा। इसके अलावा मल्टीलेवल पार्किंग, मेट्रो, बस और ऑटो से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाई गई है। स्टेशन पर दो फुट ओवर ब्रिज बनाए जा रहे हैं - एक नॉर्थ एंड पर और दूसरा साउथ एंड पर, जो 10 मीटर चौड़े होंगे और सभी प्लेटफॉर्म को जोड़ेंगे। इनके मध्य में एलिवेटेड कोनकोर्स रहेगा, जो चारों प्लेटफॉर्म के ऊपर बना वेटिंग एरिया होगा। नॉर्थ से साउथ तक का क्षेत्र एक ही छत से कवर रहेगा, जो 77 मीटर चौड़ा और 232 मीटर लंबा होगा। आरएलडीए के असिस्टेंट मैनेजर भोलानाथ पाल ने बताया कि परियोजना का कार्य 10 जनवरी, 2023 को शुरू हुआ था। वर्तमान में ईस्ट साइड बिल्डिंग का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। दोनों फुट ओवर ब्रिज का 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। वेस्ट साइड बिल्डिंग 30 प्रतिशत पूर्ण है। एलिवेटेड कोनकोर्स का 30-40 प्रतिशत निर्माण पूरा हुआ है। कुल मिलाकर, अब तक 49 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। अभी तक अजनी स्टेशन से केवल 7-8 ट्रेनें गुजरती हैं, लेकिन अब यहां से पुणे के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू हो गई है।

# लगातार बारिश से बिहार में गंगा समेत सभी नदियां उफान पर

### अबतक 19 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**पटना।** पहाड़ों और बिहार के मैदानी इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से गंगा समेत बिहार की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसकी वजह से गंगा किनारे बसे पटना, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया और कटिहार में बाढ़ की स्थित की नाजुक बनी हुई है। बिहार में बाढ़ से अब तक 19 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा बेगूसराय में 08 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में बेगूसराय के 8, भागलपुर, सीवान और भोजपुर, खगड़िया में दो-दो तथा मुंगेर, वैशाली व कटिहार के एक-एक शामिल हैं। राज्य में 10 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन की



14 टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। दरभंगा, सुपौल, मोतिहारी और नालंदा में टीमें तैनात हैं। मौसम विभाग ने बिहार के 19 जिलों में यलो अलर्ट जारी करते हुए तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। पिछले 24 घंटों में कटिहार में 140 मिमी, नालंदा में 70 मिमी और पटना में 57 मिमी बारिश दर्ज की गई है। आपदा प्रबंधन विभाग और एनडीआरएफ की 14 टीमें राहत-बचाव में जुटी हैं, लेकिन मौसम का रुख अगले 48 घंटे और मुश्किलें बढ़ा सकता है। रविवार देर रात पटना, सुपौल, बांका और लखीसराय में मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि सोमवार सुबह से सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में मूसलाधार बारिश हो रही है। कटिहार में पिछले 24 घंटों में 140 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि नालंदा में 70 मिमी, शेखपुरा और बांका में 65 मिमी और पटना में 57 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। राजधानी पटना में सोमवार को दिनभर बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. अधिकतम तापमान 32 सेंटीग्रेड और न्यूनतम 26 सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। हवा की रफ्तार 12-18 किमी प्रति घंटा और उमस बनी रहेगी। बारिश के बाद मौसम में हल्की ठंडक आ सकती है।

## तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान की चेन्नै में आपातकालीन लैंडिंग, बाल-बाल बचे यात्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान (संख्या एआई2455) की चेन्नई में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। सफर के दौरान खराब मौसम के बीच तकनीकी समस्या का शक होने पर चालक दल ने विमान को चेन्नई की तरफ मोड़ दिया, जहां विमान की सुरक्षित लैंडिंग



कराई गई। विमान ने रात करीब 8 बजे तिरुवनंतपुरम से उड़ान भरी और लगभग 10.35 बजे चेन्नई पहुंचा। विमान में कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल सहित कुछ अन्य सांसद और यात्री सवार थे, जो चालक दल की समझदारी के कारण बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गए। वेणुगोपाल ने हवाई सफर की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने और डीजीसीए से इस घटना की जांच की मांग की है।

## ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और परिचालन की समझ का प्रमाण : सीडीएस

### जनरल अनिल चौहान ने भारत के रक्षा संगठन के विकास और वर्तमान ढांचे की रूपरेखा प्रस्तुत की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जीत को तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और परिचालन में एकजुटता का प्रमाण बताया है। जनरल अनिल चौहान ने प्रौद्योगिकी संचालित आधुनिक युद्ध में विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए व्यापक क्षमता विकास, आत्मनिर्भरता और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहरी समझ के महत्व पर बल दिया। सिकंदराबाद के कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट में 21वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों और वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत करते हुए सीडीएस ने सशस्त्र बलों में संयुक्तता और एकीकरण पर रणनीतिक दृष्टिकोण साझा किए। उन्होंने एकीकृत अभियानों के भविष्य की कार्य योजना को आकार देने के लिए अहम बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सीडीएस ने 'राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना और उच्चतर रक्षा प्रबंधन' पर एक गहन व्याख्यान दिया। उन्होंने भारत के रक्षा संगठन के विकास और



वर्तमान ढांचे की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने सैन्य मामलों के विभाग की उपलब्धियों, निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा समितियों के कामकाज, संगठनात्मक पुनर्गठन सहित सुधारों के पालन और संयुक्त क्षमता बढ़ाने ?के लिए थिएटर कमांड की कार्य योजना पर प्रकाश डाला।? उन्होंने अपने संबोधन में उभरती राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर सुधारों, आपसी तालमेल और अनुकूलनशीलता के महत्व पर बल दिया। संयुक्त रसद और एकीकरण को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों के तहत जनरल अनिल चौहान ने कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट की ओर से तैयार ?की गई व्यापक मार्गदर्शिका 'एकीकृत रसद के लिए संयुक्त प्राइमर' जारी की। सीडीएस ने स्मार्ट बाइक पब्लिक साइकिल शेयरिंग सुविधा का भी उद्घाटन किया, जिससे कॉलेज के कर्मचारी दैनिक आवागमन के लिए पर्यावरण अनुकूल ई-साइकिलों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। यह परियोजना स्मार्ट बाइक मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से लागू की गई है और कॉलेज की पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं, स्मार्ट तकनीक और स्वस्थ जीवनशैली विकल्पों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।?

## मोहन भागवत ने इंदौर में किया कैंसर केयर सेंटर का उद्घाटन

**एजेंसी**

**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान इंदौर में शाम को श्री गुरुजी सेवा न्यास माधव सृष्टि के कैंसर केयर सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बिल्डिंग और संसाधनों का बारीकी से निरीक्षण किया और जीवन यात्रा पर आधारित लगी प्रदर्शनी भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने समाज में चिकित्सा और शिक्षा को बहुत जरूरी बताया। संघ प्रमुख डॉ. भावगत ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा समाज की आवश्यकता है। ज्ञान के लिए शिक्षा और ज्ञान पाने के लिए स्वस्थ शरीर जरूरी है। दुर्भाग्य है कि अच्छा स्वास्थ्य और शिक्षा अब सामान्य आदमी के पहुंच से बाहर है। यह काम पहले सेवा के नाते किए जाते थे, लेकिन अब स्वास्थ्य और शिक्षा



भी व्यावसायिक हो गई है। पहले शिक्षा देना कर्तव्य माना जाता था। शिक्षा देने वालों को इसकी चिंता होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बचपन में मुझे मलेरिया हो गया था। तीन दिन मैं स्कूल नहीं गया तो शिक्षक घर आए। वे मेरे लिए जंगल में जाकर जड़ी-बूटी ले आए। शिक्षक की भूमिका ऐसी होती है। उन्हें चिंता था कि जो छात्र मेरे पास आया है। वो स्वस्थ भी रहना चाहिए, समाज को सहज सुलभ चिकित्सा चाहिए। कॉरपोरेट का जमाना है। अब शिक्षा हब बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए छात्रों को दूर जाना पड़ता है। अच्छी चिकित्सा के लिए भी बड़े शहरों में जाना पड़ता है। देश को कम खर्च वाली और सहज सुलभ चिकित्सा चाहिए। इलाज चिंता की बीमारी नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम का दृष्टिकोण यह है कि एक ही बात दुनिया पर लागू करना। विदेश में चिकित्सा पर हुई रिसर्च सब जगह लागू नहीं हो सकती, क्योंकि विश्व में विविधता है। किसी को नैचुरोपैथी से फायदा होता है तो किसी को होम्योपैथी से फायदा होता है। कोई एक पैथी सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकती। भारतीय चिकित्सा पद्धति मरीजों का व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार इलाज करती है। 8-10 भारतीय शहरों में अच्छी कैंसर देखभाल उपलब्ध है। सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता है।

## गुजरात के 'तापी के तारे' परियोजना के तहत आदिवासी बच्चों का पहला इसरो दौरा, वन मंत्री ने किया संवाद

**एजेंसी**

**सूरत।** गुजरात के तापी जिले के 15 सरकारी स्कूलों के विज्ञान शाखा के 28 आदिवासी बच्चे 10 से 13 अगस्त के दौरान इसरो के श्रीहरिकोटा स्थित सैटेलाइट लॉन्चिंग सेंटर के शैक्षणिक दौरे के लिए सूरत हवाई अड्डे से रवाना हुए। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री मुकेशभाई पटेल ने 'तापी के तारे' परियोजना के तहत पहली बार इसरो की यात्रा पर जा रहे 28 आदिवासी बच्चों से आज संवाद किया।

सूरत हवाई अड्डे के सभागार में मंत्री ने बच्चों की पहली हवाई यात्रा से लेकर भविष्य के करियर लक्ष्यों तक विभिन्न विषयों पर बातचीत कर उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को यादगार और मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए मंत्री ने राज्य में पहली बार विशेष रूप से आदिवासी बच्चों के लिए की गई इस अनोखी पहल के लिए तापी जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने चेन्नई इसरो के शैक्षणिक दौरे पर जा रहे विद्यार्थियों को 'लर्न विद फन', आनंद के साथ कुछ नया सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को इसरो के शोध कार्य और अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में गहन जानकारी लेने तथा उत्सुकतापूर्वक वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से नए अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## सीबीआई ने नासिक के एक रिज़ार्ट में चल रहे साइबर ठग गिरोह का किया भंडाफोड़, 5 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नासिक।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नासिक के इगतपुरी में चल रहे एक बड़े साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सबीआई ने गिरोह से जुड़े 5 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। छामेमारी के दौरान ठगी में इस्तेमाल होने वाले कई सामान और नकदी भी बरामद की गयी है। सीबीआई ने जिस ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है, वह रेनफॉरेस्ट रिज़ॉर्ट में किराए के एक परिसर से अवैध कॉल सेंटर चला रहा था, जहां से अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों के लोगों को फोन कर ठगा जाता था। सीबीआई ने इस मामले में मुंबई के छह लोगों और कुछ अज्ञात व्यक्तियों व बैंक अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि इन




लोगों ने मिलकर खुद को अमेज़न सपोर्ट सर्विसेज का कर्मचारी बताकर फिशिंग और झूठी कॉल्स के जरिए विदेशी नागरिकों से पैसों की ठगी की है।सीबीआई के मुताबिक कॉल सेंटर में 62 कर्मचारी लाइव कॉल पर विदेशी नागरिकों को धोखा दे रहे थे। मौके पर ही पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जिनके नाम विशाल यादव, शेबाज़, दुर्गेश, अभय राज उर्फ राजा और समीर उर्फ कालिया उर्फ सोहेल हैं। इनसे पूछताछ जारी है और बाकी लोगों की तलाश हो रही है। सीबीआई की कार्रवाई के दौरान कॉल सेंटर में करीब 60 लोग काम कर रहे थे, जिनमें कॉल करने वाले (डायलर), जानकारी जांचने वाले (वेरिफायर) और सौदा पक्का करने वाले (क्लोजर) शामिल थे। ठगी से मिले पैसे गिफ्ट कार्ड और क्रिप्टोकरेंसी के रूप में लिए जाते थे, ताकि उनका पता किसी को न चल सके। सीबीआई की छापेमारी में 44 लैपटॉप, 71 मोबाइल फोन, कई डिजिटल सबूत, 1.20 करोड़ रुपये नकद, 500 ग्राम सोना और करीब एक करोड़ रुपये की सात लक्ज़री कारें बरामद की गयी हैं। जांच में 5000 यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी (लगभग 5 लाख रुपये) और 2000 कनाडाई डॉलर के गिफ्ट वाउचर (लगभग 1.26 लाख रुपये) के लेनदेन का भी पता चला। सीबीआई का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से विदेशों में बैठे लोगों को निशाना बना रहा था और हाई-टेक तरीके से ठगी कर रहा था। आगे की जांच में इस रैकेट से जुड़े बाकी लोगों, बैंकिंग लेन-देन और नेटवर्क का पता लगाया जाएगा।

## कटिहार में धर्मांतरण के आरोप को लेकर विवाद, हिंदू संगठन ने रोकी प्रार्थना सभा

**एजेंसी**

**कटिहार।** बिहार के कटिहार सहायक थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या एक दूरदर्शन टावर मोहल्ले में धर्मांतरण के आरोप को लेकर विवाद हो गया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक क्रिश्चियन प्रार्थना सभा स्थल पर धावा बोलते प्रार्थना को बीच में ही रोकवा दिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस हिंदू बहुल मुहल्ले में सभा के बहाने संथाली व आदिवासी समुदाय के परिवारों का ब्रेनवॉश कर पिछले कई महीनों से धर्मांतरण कराया जा रहा था। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का दावा है कि यहां कई महीनों से इस तरह की गतिविधियां चल रही हैं और



यह हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ है। प्रार्थना सभा स्थल पर मौजूद गुंजिया उरांव, राजों उरांव और सरिता उरांव जैसी महिलाएं खुद को क्रिश्चियन धर्म से जुड़ा बताती हैं। उनका कहना है कि यह महज एक धार्मिक प्रार्थना सभा थी। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु में उनकी सच्ची श्रद्धा है और इसमें किसी तरह के धर्मांतरण की कोशिश नहीं हो रही थी।

घटना की सूचना मिलते ही सहायक थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में किया। पुलिस ने एहतियातन करीब छह लोगों को हिरासत में लेते हुए मामले की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि अभी मामले की जांच जारी है, और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है। इस घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

## चूल्हे की आग से निकली चिंगारी से चार घर सहित लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**



पातेपुर प्रखंड के बलिगांव थाना क्षेत्र के लदहो पंचायत के रुपन पट्टी गांव में खाना बनाने के क्रम में चूल्हे की आग से निकली चिंगारी से चार घर सहित लाखों रुपए मूल्य का घर का सामान एवं 40 हजार रुपए नगद दो साइकिल भी जल कर राख हो गया वहीं पांच बकरी के बच्चे भी झुलस कर मर गए। वहीं पशु चारा अनाज,कपड़ा,बिछावन, एवं लकड़ी का फर्नीचर आदि भी जल कर राख हो गया।?

मिली जानकारी के अनुसार लदहो पंचायत के रुपन पट्टी वार्ड संख्या 2 निवासी उपेंद्र पासवान की पत्नी नजिया देवी के घर में सोमवार की सुबह लगभग दस बजे के करीब खाना बनाने के क्रम में चूल्हे की आग से निकली चिंगारी से अचानक आग लग गई ।जब तक घर की महिलाएं कुछ समझ पाती आग ने भयावह रूप धारण कर लिया एवं देखते ही देखते आग ने सुरेश पासवान, त्रिभुवन पासवान, रामु पासवान को भी अपने चपेट में ले लिया। घटित घटना से स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई एवं घटित घटना की सुचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई सुचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं घटना की सुचना मिलते ही स्थानीय मुखिया के पुत्र राजेश पासवान मौके पर पहुंचे एवं अग्नि पीड़ित परिवारों का हाल जाना एवं सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया एवं पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री चावल दाल बर्तन आदि उपलब्ध कराया।

## पूर्व विधायक ने जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की सुनी समस्याएं

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के राघोपुर नरसंडा पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम हुआ आयोजन। जनसंवाद कार्यक्रम के मौके पर पातेपुर के पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी ने लोगों को समस्या को जाना। इस मौके सड़क,नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास में अवैध वसूली आदि पर लोगो ने पूर्व विधायक को अवगत कराया। वही पूर्व विधायक ने लोकतंत्र में एक वोट की कीमत के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को राघोपुर नरसंडा पंचायत के बाजितपुर गांव में पातेपुर के पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी ने जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने तेजस्वी यादव द्वारा की गई घोषणा माई बहन मान सम्मान, फ्री बिजली यूनिट, पांच किलो अनाज के बदले रोजगार आदि पर विस्तार रूप से जानकारी दी। वहीं मौके पर लोकतंत्र में लोगों की सहभागिता और पंचायत चुनाव से लोकसभा चुनाव तक एक मत का महत्व पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि चंद दिनों में लोग अपने वोट के महत्व को नहीं समझ पाते हैं।

## सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में किया जोरदार प्रदर्शन

**बहराइच।** जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकताओं ने दिल्ली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। सोमवार को संसद भवन से विपक्षी सांसदों के साथ चुनाव आयोग मुख्यालय जा रहे अखिलेश यादव को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया,जिससे सपा कार्यकताओं में आक्रोश फैल गया। बहराइच में सपा कार्यकताओं ने जिलाधिकारी आवास के सामने इकट्ठा होकर चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने "लोकतंत्र की हत्या बंद करो" और "तानाशाही नहीं चलेगी" जैसे नारे लगाकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट ने किया, जिसमें जिला उपाध्यक्ष रामजी यादव, उत्तम कुमार सिंह, प्रदीप यादव, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष ननंदेश्वर नंद यादव, सत्यम बाजपेई, अनिल यादव, शैलेश सिंह शैलू, सुनील यादव, आकाश नीरज कैराती, धनीराम यादव, कृपाराम यादव, जय सिंह यादव, विजय सेन, राकेश सोनकर, रितेश सावन, गौरव यादव, वसीम अहमद, मोबीन कगना, दिनेश लोधी, लाल जी, आनंद यादव, शकील अहमद, सत्य प्रकाश लोधी और पेशकार राव सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। कार्यकताओं ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए सरकार की तानाशाही नीतियों की निंदा की।

# पीएम फसल बीमा योजना से देश के 34 लाख से अधिक किसान लाभान्वित

**झुंझुनू।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और किसान भारत की आत्मा है। हमारी डबल इंजन की सरकार राजस्थान में किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा कृषि का रोडमैप बनाते हुए वैज्ञानिक पद्धति को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा कृषक हित में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ब्याज मुक्त ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि में वृद्धि, किसानों को दिन में बिजली जैसी सौगातों से किसानों को राहत मिली है। चौहान सोमवार को झुंझुनू में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा क्लेम भुगतान



कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 48.74 लाख फसल बीमा पंजीकृतों को 1426 करोड़ रुपए का क्लेम ऑनलाईन वितरित किया गया। यह क्लेम राशि संबंधित किसान के खाते में तत्काल क्रेडिट हो गई है। उन्होंने कहा कि झुंझुनू वीरों की भूमि है तथा देश की सुरक्षा करते हुए यहां के सैंकड़ों जवानों ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी भारतीय सेनाओं ने आतंकवादियों के आकाओं के अड्डे नष्ट कर दिये और उन्हें खंडहर में परिवर्तित कर दिया। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करते हैं परन्तु बाढ़, सूखा, पाला जैसी प्राकृतिक आपदाओं से उनकी फसलें नष्ट हो जाती है। उन्होंने कहा कि पूर्व में फसल खराबा होने पर गांव अथवा व्यक्तिगत किसान को मुआवजा नहीं मिल पाता था लेकिन अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत एक किसान को भी अपनी फसल के मुआवजे की पूरी राशि सीधे उसके खाते में मिलती है।

**नकली बीज, खाद तथा पेस्टिसाइड के खिलाफ बनेगा नया कानून**

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि किसानों की आमदनी बढ़े। यूरिया, डीएपी, खाद, बीज सहित सभी कृषिगत संसाधनों पर केन्द्र सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है।

फसलों की लागत में 50 प्रतिशत मुनाफा जोडकर एमएसपी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा नकली बीज, नकली खाद तथा नकली पेस्टिसाइड के खिलाफ नया कानून भी बनाया जाएगा। साथ ही विकसित कृषि संकल्प अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके तहत वैज्ञानिकों द्वारा गांवों में जाकर किसानों को बीज, खाद तथा उर्वरकों संबंधित जानकारी दी जाएगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की आमजन को शपथ दिलाई।

## प्रो-एक्टिव एक्शन लेते हुए अपराधियों को वारदात करने से पहले दबोचा

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

**अतिरिक्त** महानिदेशक पुलिस, अपराध श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में एन्टी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स सीआईडी (सीबी) पुलिस मुख्यालय राजस्थान, की टीम द्वारा लॉरेन्स विश्नोई गैंग व अन्य गैंगस्टरों के विरूद्ध लगातार धरपकड के लिए अभियान जारी है। एन्टी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स सीआईडी (सीबी) पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर एवं स्पेशल ऑपरेशन सैल अमृतसर, पंजाब टीमों द्वारा नवाशहर, जालंधर पंजाब में हुये ग्रेनेड धमाके एवं 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के लगभग, दिल्ली एवं ग्वालियर मध्य प्रदेश में धमाका कर संगीन वारदात की योजना को अंजाम देने से पूर्व ही अभियुक्तों को जयपुर व टोंक जिले से धर दबोचा व पंजाब पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

विगत 07 जुलाई 2025 को नवाशहर जालन्धर में दहशत फैलाकर अवैध वसूली हेतु लॉरेन्स विश्नोई गैंग के गुर्गा ने शराब की दुकान के सामने ग्रेनेड धमाका कर संगीन वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गये। वांछित कुख्यात मुल्जिमों को रविवार, 10 अगस्त को जिला जयपुर व टोंक से दस्तयाब किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध, श्री दिनेश एम.एन. ने बताया कि श्री सिद्धान्त शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एजीटीएफ एवं अपराध शाखा के सुपरविजन व श्री रामसिंह पुलिस निरीक्षक तथा श्री नरेन्द्र सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में, श्री दुष्यन्त सिंह स.उ.नि. श्री शाहिद अली हैड कानि. 38, श्री रविन्द्र सिंह कानि. 526, श्री महेन्द्र सिंह कानि. 925, श्री देवेन्द्र सिंह कानि. 786, श्री जितेन्द्र कुमार कानि. 848 एवं श्री दिनेष कुमार कानि. चालक 625 को दिनांक 07 जुलाई को स्पेशल ऑपरेशन सैल अमृतसर पंजाब में दर्ज प्रकरण संख्या 37/2025 धारा 49, 55 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 25, 25 (1.इ) (अ) आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्तों की तलाष हेतु जयपुर रेंज व अजमेर रेंज रवाना किया गया था।

उक्त टीम द्वारा अपनी पहचान छुपाते हुए जयपुर शहर व टोंक के आपराधिक क्षेत्रों में जान की परवाह ना करते हुए कठोर परिश्रम कर वांछित अभियुक्तों के सम्बन्ध में आसूचना संकलन कर कडी मेहनत से उक्त वारदात मे वांछित अभियुक्त 1. जितेन्द्र चौधरी पुत्र भागचन्द चौधरी जाति जाट निवासी आकोडिया पुलिस थाना निवाई जिला टोंक 2. संजय पुत्र बुद्धराम जाति नायक निवासी नवरंगदेसर पुलिस थाना शेरगढ जिला हनुमानगढ 3. सोनू उर्फ काली पुत्र उदयमण्डल जाति चीर निवासी आलमगीर कपूरथला पंजाब व इसके अतिरिक्त तीन अन्य नाबालिगों को निरुद्ध कर इन्हें पंजाब से आयी स्पेशल ऑपरेशन सैल अमृतसर पंजाब पुलिस टीम को सुपुर्द किया गया। उक्त अभियुक्तों ने पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि ये लोग लॉरेन्स विश्नोई गैंग से जुडे हुए है। जिनका हेण्डलर जिशान अख्तर है, जो कनाडा में रहता है। जिसने मुम्बई में बाबा सिद्धीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। जीशान अख्तर व पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी, मनु अगवान व गोपी नवाशहरिया पंजाब आपस में जुडे हुए है। जो देश के विभिन्न क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों व स्थानीय नवयुवको को रूपयों का लालच देकर सम्पर्क कर घटना को अंजाम देते है। जीशान अख्तर से अभियुक्त इन्स्टाग्राम एवं अन्य ऑनलाईन एप से जुडे हुये है। जिशान अख्तर ने ही अभियुक्तों को ग्रेनेड उपलब्ध करवाया था। जिसे अभियुक्तों ने नवाशहर जालन्धर पंजाब में ब्लास्ट कर दहशत फैलायी थी। ब्लॉस्ट के बाद अभियुक्त राजस्थान आ गये थे। जीशान अख्तर ही अभियुक्तों को ऑनलाईन एप द्वारा निर्देश देता था। जिसने अभियुक्तों को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के लगभग दिल्ली एवं ग्वालियर मध्य प्रदेश में धमाका कर बडी वारदात करने की जिम्मेदारी दे रखी थी। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में एजीटीएफ सीआईडी (सीबी) पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर की टीम श्री रामसिंह पुलिस निरीक्षक, श्री नरेन्द्र सिंह उप निरीक्षक, श्री दुष्यन्त सिंह स.उ.नि. श्री शाहिद अली हैड कानि. 38, श्री रविन्द्र सिंह कानि. 526, श्री महेन्द्र सिंह कानि. 925, श्री देवेन्द्र सिंह कानि. 786 , श्री जितेन्द्र कानि. 848 एवं दिनेश कुमार कानि. चालक 625 की विशेष भूमिका एवं श्री संजय कानि. 44 का तकनीकी सहयोग रहा।

# जिला प्रशासन महिलाओं की आजीविका को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयासरत है : उपायुक्त साक्षी साहनी

**अमृतसर, 11 जुलाई : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



अमृतसर ज़िले में महिलाओं की आजीविका बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन अमृतसर और फुलकारी (अमृतसर की महिलाएँ) के बीच एक संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। पहले चरण के दौरान, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 20 महिलाओं को डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता और बुनियादी विपणन कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस समझौते पर अमृतसर की उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी और फुलकारी (अमृतसर की महिलाएँ) की प्रतिनिधि श्रीमती मीनाक्षी खन्ना ने हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य लक्षित कौशल विकास के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाना है।

इस बारे में जानकारी देते हुए, डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण दो स्तरों पर होगा - बेसिक कंप्यूटर साक्षरता और एडवांस्ड टेली - साथ ही धन प्रबंधन और मार्केटिंग ओरिएंटेशन पर अलग-अलग सत्र भी होंगे। इसका उद्देश्य यह है कि प्रतिभागी इन कौशलों का उपयोग अपनी आजीविका और व्यावसायिक प्रयासों को मजबूत करने के लिए कर सकें। उम्मीदवारों का चयन एक संयुक्त समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें जिला प्रशासन और फुलकारी (अमृतसर की महिलाएं) के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम एक वर्ष तक चलेगा और पायलट की सफलता के आधार पर इसके विस्तार पर विचार किया जाएगा। अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम के रूप में इस पहल की सराहना की, जो समुदाय-केंद्रित विकास के सरकार के बड़े मिशन के अनुरूप है। श्रीमती मीनाक्षी खन्ना ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया और अमृतसर की महिलाओं के लिए सार्थक अवसर पैदा करने के लिए फुलकारी (अमृतसर की महिलाएं) की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह समझौता सरकार-नागरिक समाज की भागीदारी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो जिले की महिलाओं के लिए कौशल, आत्मविश्वास और नए अवसर पैदा करने के साझा दृष्टिकोण को मजबूत करता है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती परमजीत कौर, जिला नोडल अधिकारी अमिका वर्मा तथा बड़ी संख्या में फुलकारी की महिलाएं उपस्थित थीं।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली बाइक रैली



**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 11 अगस्त।** **स्वाधीनता दिवस की** वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को बाइक रैली निकाली गई। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी और जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बाइक रैली में शामिल होकर लोगों को हर घर तिरंगा लगाने हेतु जागरूक किया गया। रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने तिरंगा झंडा के संदेश लिखी तख्तियों के साथ नारे लगाते हुए भाग लिया। बाइक रैली इंदिरा गांधी स्टेडियम बड़ी फील्ड से आरंभ होकर लाल बाजार, पैलेस रोड़, गुलाब बाग होते हुए जिला कलक्ट्रेट परिसर पर समाप्त हुई। सचिव रेखा यादव ने जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का किया साप्ताहिक निरीक्षण,

## प्रशासन धान खरीद में किसी भी पक्ष को कोई परेशानी नहीं आने देगा झ उपायुक्त

**अमृतसर, 11 अगस्त : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा )**

जिला प्रशासन ने आगामी धान सीजन में खरीद की तैयारियां शुरू कर दी हैं और इसी सिलसिले में आज उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी ने जिले भर के आढ़तियों, सेलर मालिकों और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त महोदया साक्षी साहनी ने आढ़तियों और सेलर मालिकों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया, ताकि प्रक्रिया सुचारू और प्रभावी ढंग से चल सके।



उपायुक्त ने बैठक के दौरान कहा कि आपकी जो भी समस्याएं हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और आपकी जायज मांगों को सरकार तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास इस खरीद सीजन के लिए केवल अस्थायी व्यवस्था करना नहीं है, बल्कि आपकी आवश्यकताओं के अनुसार नीति बनाने के लिए सरकार को फीडबैक देना है ताकि आपकी आवश्यकताओं के अनुसार खरीद नीति में आवश्यक बदलाव किए जा सकें ।उन्होंने बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मंडी का स्वयं दौरा करें और जहां भी कोई समस्या आए, उसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए ।बैठक के दौरान आढ़तियों ने मंडियों में पानी निकासी, चोरी व बिजली से संबंधित समस्याओं का जिक्र किया, जिस पर उपायुक्त ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में इन समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। मंडियों में चोरी व मारपीट की घटनाओं के बारे में बोलते हुए उपायुक्त ने कहा कि इन मंडियों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और सुरक्षा के पूरे प्रबंध किए जाएंगे। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री अमनदीप सिंह, जिला मंडी अधिकारी श्री रमनदीप सिंह के अलावा खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि व **आढ़ती मौजूद थे।**

## 3 हजार 842 गृह रक्षा स्वयंसेवकों के नामांकन की प्रक्रिया का सितम्बर 2025 में होगा आयोजन

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

**गृह रक्षा** विभाग राजस्थान में 3 हजार 842 गृह रक्षा स्वयंसेवकों का नामांकन वर्ष 2022-23 हेतु अभ्यर्थियों से 12 जनवरी, 2023 से 11 फरवरी, 2023 तक प्राप्त ऑन-लाइन आवेदन पर नामांकन प्रक्रिया सितम्बर 2025 में आयोजित की जा रही है। महानिरीक्षक पुलिस संदीप सिंह चौहान ने बताया कि इस नामांकन के लिए विभाग द्वारा 09 जनवरी, 2023 को जारी विज्ञप्ति क्रमांक 654-702 में गृह रक्षा के वर्तमान प्रावधानों के अनुसार शुद्धिपत्र जारी किया गया। जिसके तहत विज्ञप्ति जारी करने की तिथि को स्वयंसेवकों का मानदेय आरक्षी एवं आरक्षी वाहन चालक के समकक्ष कार्य के लिए 693/- प्रतिदिवस एवं चतुर्थ श्रेणी के समकक्ष कार्य के लिए नियोजन पर 590/- प्रतिदिवस था, जिसे राज्य सरकार द्वार बढ़ाकर कमशः 965/- एवं 822/- प्रतिदिवस कर दिया गया है।

श्री चौहान ने बताया कि होमगार्डस् नियमावली-1962 के नियम-8 के अनुसार चयनित स्वयंसेवकों को मात्र 05 वर्ष के लिए गृह रक्षा सदस्यता प्रदान की जाती थी एवं 05 वर्ष की अवधि के बाद पुनः नामांकन का प्रावधान था, जिसे राज्य सरकार द्वारा 05 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष कर दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि स्वयंसेवकों के नामांकन की चयन प्रकिया में शारीरिक दक्षता परीक्षा के 25 अंक, विशेष योग्यता के 20 अंक, एवं मौखिक व्यक्तिगत परीक्षण के 05 अंक सहित कुल 50 अंको के आधार पर मेरिट (योग्यता) सूची तैयार करने का प्रावधान था, जिसमें राज्य सरकार से प्राप्त सहमति के आधार पर मौखिक व्यक्तिगत परीक्षण को चयन प्रकिया से हटाया जाकर चयन प्रकिया में शारीरिक दक्षता परीक्षा के 25 अंक, विशेष योग्यता के 20 अंक सहित कुल 45 अंको के आधार पर मेरिट (योग्यता) सूची तैयार करने का प्रावधान किया गया है। श्री चौहान ने स्पष्ट किया कि विज्ञप्ति के शेष प्रावधान यथावत रहेंगे। उल्लेखनीय है कि विज्ञप्ति से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन करें। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु निदेशालय, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर में व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नम्बर 0141-2612592 पर किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है

## निरीक्षण दौरान सफाई, भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 11 अगस्त।** **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण**, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का साप्ताहिक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निदेर्शों की पालना सुनिश्चित किये जाने के आवश्यक निर्देश दिए एवं उन्होंने कारागृह में निरूद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदियों से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा उनकों प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई एवं निशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी ली एवं सचिव द्वारा उपस्थित बंदियों कां किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर व अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया जिसमें बंदियों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा आने वाले नए बंदियों के रजिस्टरों में इंद्राज करने के निर्देश प्रदान किए गए एवं एलडीसीज को सभी बंदियों के फॉर्मेट भरकर जिसमें वकील का नाम प्रकरण संख्या, आगामी पेशी की तारीख इत्यादि भरकर प्रत्येक बंदी को देने के निर्देश प्रदान किए एवं वकालतनामा में भी वकीलों के नामों को इंद्राज करने के निर्देश दिए निरीक्षण दौरान बंदियों से आज के भोजन की जानकारी ली तथा उनको पौष्टिक भोजन बनाने के निर्देश दिए एवं नालसा टोल-फ्री नम्बर 15100 की जानकारी दी गई एवं निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण दौरान जिला कारागृह में स्वच्छता, साफ-सफाई की व्यवस्थाओं के साथ-साथ जेल में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध करवाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई। इसके साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा व उनके लिए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू सिंह गुर्जर सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदी मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता ठाकुर अभिमन्युसिंह बाली कांग्रेस ब्लॉक नवानियुक्त जिला सचिव ब्लॉक अध्यक्ष माला पहनाकर स्वागत किया

**बाली रोड़** कोठार गांव निजी स्थान पधारने पर बाली कांग्रेस नेता फालना ठाकुर अभिमन्युसिंह जिला सचिव विक्रमादित्यसिंह राजपुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष यशपालसिंह राजपुरोहित केसाराम गरासिया,एव ,नवनियुक्त ब्लॉक सचिव पीताराम गरासिया को याकूब मोयला माला पहनाकर स्वागत किया मौके पर मौजूद रहे न्यूज रिपोर्ट डीके देवासी को जानकारी देते हुए याकूब मोयला पीताराम हुसाराम केसाराम अन्य लोग साथ ही में आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता हूँ आपकी नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी



## पांच दिवसीय झूलनोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली)** पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर नगर पंचायत के श्री राम जानकी मठ के प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय झूलनोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति

स्थानीय जनप्रतिनिधि वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी सैकड़ों समाजसेवियों संत महंतों ने इस झूलनोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया ।इस मौके पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

मिली जानकारी अनुसार पातेपुर नगर पंचायत के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में भव्य पांच दिवसीय झूलनोत्सव कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस अवसर पर पातेपुर पांचवें दिन संस्कृत दिवस के अवसर पर पहुंचे संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर लक्ष्मी निवास पांडे ने कहा कि संस्कृत भारत भूमि की भाषा है ।सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है लॉर्ड मैकेली की नई शिक्षा प्रणाली के कारण संस्कृत भाषा पर असर पड़ा है इस संस्कृत भाषा पर हजारों बार आक्रमण के बाद भी यह संजीवनी भाषा बनी हुई है इस मातृभूमि भाषा मातृभूमि भारतम् मातृभाषा संस्कृतम् आज लोग जब तक आत्मसात नहीं करेंगे संस्कृत भाषा का विकास नहीं होगा।

## प्रदेश की पहली सैक्स सोर्टेड सीमन लैब का शुभारंभ

**जयपुर, 11 अगस्त।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार देश के किसानों व पशुपालकों की आय बढाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील है। इसी कड़ी में राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन की सरकार भी खासकर पशुपालकों के हित में नवाचार कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। इस दिशा में बस्सी में प्रदेश की पहली सैक्स सोर्टेड सीमन लैब एक नया अध्याय जुड़ गया है। यह बात पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने आरसीडीएफ सभागार में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद (गुजरात) के सहयोग से आरसीडीएफ के बस्सी स्थित फ्रोजन सीमन बैंक में सेक्स सॉर्टेड सीमन लैब के उदघाटन अवसर पर कही।

## पुलिस थाना मनोहरपुर ने मोटरसाईकिल चोरी की अज्ञात वारदात का किया पदार्फाश

**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशि डोगरा बूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 08.08.25 को परिवादी श्री विक्रम पुत्र कालूराम जाति बुनकर निवासी चौच्यावाला थाना मनोहरपुर जिला कोटपुतली बहरोड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवायी की दिनांक 07.08.2025 को मेरी मोटरसाइकिल पख 60 अर 8898 को खोरा रोड़ पर स्थित मनोहरपुर में किराना स्टोर की दुकान पर खड़ी करके मैं सामान लेने के लिए दुकान पर चला गया बाद में मोटरसाइ?किल को सम्भाला तो मोटरसाइकिल गायब मिली। मैने आसपास काफी छानबीन की तो मोटरसाइकिल का कोई सुराग नही लगा। आदि पर पुलिस थाना मनोहरपुर पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी व मोटरसाईकिल की बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी शाहुपरा श्री मुकेश चौधरी के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी मनोहरपुर श्री भगवान सहाय पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए आरोपी हंसराज पुत्र जगदीश जाति गुर्जर निवासी दहिया की ढाणी मनोहरपुर हाल निवासी चौच्यावाला थाना मनोहरपुर जिला जयपुर ग्रामीण को डिटेन कर पूछताछ की तो चोरी की वारदात करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर मुल्जिम की इत्तला से चुरायी गई मोटर साईकिल एचएफ डिलक्स नम्बर RI 60 AS 8898 को बरामद किया गया है तथा मुलजिम से अन्य वारदातो के संबंध में गहनता से अनुसंधान जारी है।

## मारपीट व छेडछाड में वांछित मुल्जिम गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्री संजीव नैन आई.पी.एस. पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि, पुलिस थाना सांगानेर जयपुर पूर्व पर दिनांक 27.07.2025 को मुस्तगीसा श्रीमती माया पत्नी श्री जोनेश नागर निवासी सैक्टर नं 03 प्रताप नगर सांगानेर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि, जहा मैं काम पर जाती हू यह हसंराज नाम का व्यक्ति मेरे को दो चार रोज छोड़कर छेडता है और मेरे से गन्दी गालिया निकालता है। कि तु मेरी औरत बन जिससे परेशान होकर 3-4 महिने पहले थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई जो यह पकडने मे नही आया और एक दिन मेरे घर पर कोई नही था तब आकर इसने मेरे से छेडखानी कर डाली तथा मुझे डरा धमकाकर भाग गया ऐसे ही जब भी मैं काम पर जाती हू तब मेरा रास्ता रोकता है और मेरे से बतमीजी कर गालिया निकालता है इससे मैं बहुत परेशान हो गयी। अतः यह 27-07-2025 को भी यह काम पर जाते वक्त रस्ते मे इसने मेरे को पकडकर छेडखानी की तथा मेरे साथ मारपीट की, आदि पर मुकदमा नम्बर 314/2025 धारा 115(2),126 (2),74 इठर मे दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व श्री आशाराम चौधरी आरपीएस के नेतृत्व में श्री विनोद शर्मा आरपीएस सहाय पुलिस आयुक्त सांगानेर के निकट सुपरविजन में श्रीनिवास जांगिड पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सांगानेर के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए मुल्जिम हंसराज बैरवा को गिरफ्तार किया गया।

## यात्री का मोबाईल और पर्स छीनने वाला शातिर को किया गया गिरपतार

**देश का दर्पण न्यूज**



पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि परिवादी श्री सुनील कुमार ने दर्ज करवाया कि दिनांक 10.8.25 को मैं बीकानेर जाने के लिये जयपुर आया था और समय करीब 2 पीएम पर मैं खासा कोठी पुलिया के पास लेटा हुआ था जहां मुझे एक व्यक्ति ने आकर दबोच लिया वह मेरी पेन्ट की जेब में रखा मेरा मोबाईल फोन व पर्स निकाल लिया और भग गया पर्स में 2300 रू थे तथा मेरा मोबाईल फोन रियलमी कम्पनी रंग लाईट ग्रीन था आदि पर मुकदमा नं. 125/2025 धारा 304(2) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण हाजा की घटना की गंभीरता को देखते हुए श्री आलोक सिंघल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पशिवम एवं श्री धर्मवीर सिहं सहायक पुलिस आयुक्त सदर जयपुर पश्चिम के निकट सुपरविजन में श्री श्याम सुन्दर शर्मा उप. नि. थानाधिकारी पुलिस थाना सिंधीकैम्प जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरो की सहायता से व आसूचना संकलित कर अथक प्रयासों से मुल्जिम फिरोज खान को गिरफतार करने में सफलता हासिल की मुल्जिम के कब्जे से मुकदमा हाजा का माल मशरूका एक मोबाईल फोन कंपनी रियलमी बरामद किया गया। मुल्जिम से अन्य वारदातों के बारे में गहनता से अनुसंधान जारी हैं।

## अधिवक्ता अमरेश प्रताप सिंह ने सिवान जिला अधिवक्ता संघ में ज्वाइन किया

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**



सीवान जिले अन्तर्गत आप सभी को यह बताते हुए बहुत हर्ष महसूस हो रहा कि कल दिनांक :- 7/08/2025 को अधिवक्ता अमरेश प्रताप सिंह ने सिवान जिला अधिवक्ता संघ में ज्वाइन किया जो कि पिछले कई सालों से फरीदाबाद में रहकर LLB की बहुत ही कठिन पढ़ाई किए तथा उन्हें उनके कालेज शिक्षा के दौरान Moot Court, संसद भवन और Ministry of Law & Justice New Delhiकी लाइव सेशन में विजिट करने का मौका मिला था, जो कि अब सिवान और अपने गांव वासियों को एक बेहतर और अच्छा नायकीक कार्य देंगे, जिससे अपने समाज में एक शांति और कानून का शासन हो।
जो आज एक बेहतर अधिवक्ता बने, इसमें उनकी मां, पिताजी और दोस्तों ने सपोर्ट किया इसके लिए वो सभी का आभार व्यक्त करते है।

# निर्वाचन कार्य की महत्ता एवं निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के स-समय संपादनार्थ जिला स्तर पर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया तत्पश्चात सभी कोषांग के नोडल एवं वरीय पदाधिकारी गणों के साथ समीक्षात्मक बैठक समाहणालय सभागार में आहूत की गई

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान,11 अगस्त 2025 सोमवार को आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के लिए निर्वाचन कार्य की महत्ता एवं निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के स-समय संपादन हेतु जिला स्तर पर विभिन्न कोषांगो का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश के द्वारा कर लिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण आयाम हेतु समय- सीमा निर्धारण कर उसकी कार्य योजना के अनुसार स-समय क्रियान्वयन करना सभी कोषांगों का मुख्य दायित्व होगा।

वरीय पदाधिकारी/ नोडल पदाधिकारी अपने कोषांग से संबंधित कार्य योजना की तैयारी एवं उसका कार्यान्वयन समय-सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक कोषांग के वरीय पदाधिकारी/ नोडल पदाधिकारी आवश्यकतानुसार अपने-अपने कोषांग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक कर कार्यवाही से जिला पदाधिकारी को अवगत कराने का निर्देश दिया गया है।

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए अधिसूचित निवार्ची पदाधिकारी इस प्रकार से हैं-

105- सिवान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपर समाहर्ता, सिवान 106-जिरादेई के लिए उप समाहर्ता भूमि सुधार सिवान, सदर ,

107-दरौली (अनुसूचित जाति) के लिए जिला पंचायत राज पदाधिकारी सिवान,

108- रघुनाथपुर के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर,

109- दरौंदा के लिए उप विकास आयुक्त सिवान

110- बड़हरिया के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सिवान

111- गोरियाकोठी के लिए उप समाहर्ता



भूमि सुधार, महाराजगंज एवं 112-महाराजगंज के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, महाराजगंज निवार्ची पदाधिकारी बनाए गए हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, सिवान के आदेशानुसार कोषांगों का गठन इस प्रकार से किया गया है- कार्मिक प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री विकास कुमार,वरीय उप समाहर्ता सिवान होंगे ।इस कोषांग के वरीय प्रभारी श्री प्रमोद कुमार राम अपर समाहर्ता सिवान होंगे।

प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार यादव, उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सिवान होंगे। वरीय पदाधिकारी के रूप में श्री सुजीत कुमार जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सिवान होंगे ।

ईवीएम/एवं वी वी पैट प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री रिजवान फिरदौश कुरैशी जिला भू अर्जन जन पदाधिकारी सिवान होंगे। वरीय पदाधिकारी के रूप में श्री नवलीन कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सिवान होंगे।

सामग्री प्रबंधन को कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्रीमती सीमा कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सिवान होंगी। वरीय पदाधिकारी के रूप में श्री मुकेश कुमार उप विकास आयुक्त सिवान होंगे।

परिवहन प्रबंधन एवं सुगम कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री अमर ज्योति,प्रभारी जिला परिवहन पदाधिकारी सिवान होंगे। वरीय पदाधिकारी के रूप में श्री सुजीत कुमार,जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सिवान होंगे।

स्वीप प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्रीमती तरणी कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सिवान होंगी ।वरीय पदाधिकारी के रूप में श्री मुकेश कुमार उप विकास आयुक्त सिवान होंगे।

विधि व्यवस्था भेद्यता मानचित्र एवं जिला सुरक्षा प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री बालेंदु नारायण पांडे, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सिवान एवं श्री संजय कुमार झा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सिवान होंगे ।वरीय पदाधिकारी श्री मुकेश कुमार उप विकास आयुक्त सिवान होंगे।

कम्युनिकेशन प्लान/ कंप्यूटराइजेशन/ साइबर सिक्योरिटी/ आइटी /डैश बोर्ड अपडेशन/ एसएमएस/ लाइव वेबकास्टिंग/ कंप्यूटराइजेशन कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री राजीव कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सिवान होंगे ।वरीय पदाधिकारी के रूप में श्री नवलीन कुमार अपर समाहर्ता ,आपदा प्रबंधन सिवान होंगे।

आदर्श आचार संहिता कोषांग के नोडल पदाधिकारी सुश्री शालू कुमारी वरीय उप समाहर्ता, सिवान होगीं। वरीय पदाधिकारी श्री नवलीन कुमार अपर समाहर्ता ,आपदा प्रबंधन सिवान होंगे।

# प्रदेश की पहली सैक्स सोर्टेड सीमन लैब का शुभारंभ





## डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने बटन दबाकर वर्चुअली किया उदघाटन

**जयपुर,** राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार पशुपालकों के हित में नवाचार कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। इस दिशा में बस्सी में प्रदेश की पहली सैक्स सोर्टेड सीमन लैब एक नया अध्याय जुड़ गया है। यह बात पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने आरसीडीएफ सभागार में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद (गुजरात) के सहयोग से आरसीडीएफ के बस्सी स्थित फ्रोजन सीमेन बैंक में सेक्स सॉर्टेड सीमेन लैब के उदघाटन अवसर पर कही कार्यक्रम के दौरान राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (RCDF), राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड (RLDB) और एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज (NDS) ने बस्सी सीमेन स्टेशन (BSS) के प्रबंधन और संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए एनडीडीबी के अध्यक्ष मीनेश शाह ने कहा कि आरसीडीएफ का हमेशा से सहयोग मिलता रहा है जिसका परिणाम है कि राजस्थान में एक अत्याधुनिक सेक्स-सॉर्टेड सीमेन उत्पादन इकाई का शुभारंभ हुआ है। पशुपालन वं गोपालन शासन सचिव समित शर्मा ने कहा आज का दिन राजस्थान के लिए ऐतिहासिक दिन है। हम सब मिलकर एक ऐसा अध्याय शुरू कर रहे हैं, जो न केवल दुग्ध उत्पादन को बढ़ाएगा, बल्कि पशुधन प्रबंधन की गुणवत्ता को भी एक नई ऊँचाई तक ले जाएगा आरसीडीएफ की प्रशासक वं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने कहा कि फ्ठउऋ के लिए आज का दिन अत्यंत गौरव का दिन है। हमने केवल एक तकनीकी इकाई शुरू नहीं की है, बल्कि एक नई सोच और नई दिशा की शुरूआत की है। बस्सी कार्यक्रम के दौरान एनडीडीबी की ओर बांसवाड़ा में डेयरी प्लांट की स्थापना के लिए 8 करोड़ रुपए के ऋण की स्वीकृति का पत्र चैयरमैन डॉ. मीनेश शाह ने जिला दुग्ध संघ, बांसवाड़ा के अध्यक्ष विजेंग पाटीदार को सौंपा कार्यक्रम शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि जोराराम कुमावत व अन्य अतिथियों ने सरस संकुल सभागार में ह्लहर घर तिरंगा, हर घर सरसह्व बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक रैली सरस संकुल से ओटीएस होती हुई जवाहर सर्किल का चक्कर लगा कर वापस सरस संकुल पर संम्पन्न हुई।

## जिला पदाधिकारी श्री आदित्य प्रकाश (भा०प्र०से०) द्वारा अंतिम आदेश पारित करते हुए सौंपा गया।

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**



सीवान 11अगस्त 2025 को दत्तक ग्रहण नियमावली, 2022 के प्रावधानानुसार विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, सिवान में पिछले 04 वर्षो से आवासित दिव्यांग बालिका (दृष्टि बाधित) को केरल के दत्तक माता-पिता को जिला पदाधिकारी श्री आदित्य प्रकाश (भा०प्र०से०) द्वारा अंतिम आदेश पारित करते हुए सौंपा गया।

इससे पूर्व उक्त बालिका को Pre Adoption Foster Care में दिनांक 06.06.2025 के उक्त दत्तक माता-पिता को दिया गया था। ज्ञातव्य हो कि जिला पदाधिकारी को दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 के विनियम-13 एवं विनियम - 36 के आलोक मे दो माह के अवधि के भीतर ही दत्तक ग्रहण का अंतिम आदेश जारी करना होता है। दिव्यांग बालिका के दत्तक ग्रहण के अवसर पर हर्ष के साथ जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी लोगो से अपील की गई कि यदि कोई अनाथ / परिव्यक्त/फेका हुआ बच्चा / बच्ची मिलता है तो उसे समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई, सिवान / विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, सिवान अथवा अपने नजदीकी थाना या चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 पर संपर्क करके सौंपा जा सकता है। यदि किसी निःसंतान दंपत्ति को बच्चा गोद लेना हो तो केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, नई दिल्ली के वेबसाईट- www.cara.wcd.nic.in पर आवेदन अथवा जानकारी प्राप्त कर सकते है। उक्त दत्तक ग्रहण के अवसर पर श्री राजकुमार सिंह, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, सिवान, श्री सुधीर कुमार गोंड़, बाल संरक्षण पदाधिकारी, श्री अभय प्रताप, सामाजिक कार्यकर्ता, सुश्री वंदना प्रिया समन्वयक आदि उपस्थित रहें।

## " *ए.आर.यू.टी.ए. का प्रतिनिधिमंडल आज जनझसुनवाई में माननीय मुख्यमंत्री से मिला"



**अखिल** राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (ए.आर.यू.टी.ए.) के अध्यक्ष प्रो. बी.डी. रावत ने बताया कि वरिष्ठ शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल आज माननीय मुख्यमंत्री से मिला और उन्हें इस विषय में अवगत कराया कि कैरियर उन्नयन योजना (सी.ए.एस.) के अंतर्गत प्रोफेसर पद का लाभ उन शिक्षकों को अब तक नहीं दिया गया है, जिन्हें चयन समिति द्वारा विधिवत चयनित किया गया था तथा जिनका चयन 25 सितम्बर 2021 को सिंडिकेट द्वारा अनुमोदित किया गया था।

इन शिक्षकों को वेतन निर्धारण (फिक्सेशन) का लाभ और सेवा की गणना नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि से करने का लाभ भी सुप्रीम कोर्ट के 29 नवम्बर 2018 के आदेश के अनुसार नहीं दिया गया है।

माननीय मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए संबंधित प्रभारी अधिकारी को उच्च शिक्षा विभाग से रिपोर्ट मंगाकर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि वरिष्ठ शिक्षकों का यह लंबित मुद्दा शीघ्र ही सुलझाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने उनके आवास पर जाकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव श्री कुलदीप रांका से भेंट की और उन्हें भी इस लंबित मुद्दे की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट के 29/11/2018 के निर्णय के आलोक में, यूजीसी के प्रावधानानुसार विधिवत चयन समिति प्रक्रिया से चयनित तथा सिंडिकेट द्वारा अनुमोदित वरिष्ठ शिक्षकों को सी.ए.एस. प्रोफेसर पद का लाभ देने और वेतन निर्धारण (फिक्सेशन) सहित अन्य लाभ शीघ्र देने का अनुरोध किया।

माननीय रांका साहब ने मामले को समझने के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में प्रो. एम.एस. शर्मा, प्रो. बी.एल. गुप्ता, प्रो. आर.के. अग्रवाल, प्रो. मधु भट्ट तैलंग एवं प्रो. दलवीर सिंह शामिल थे।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार,पटना के द्वारा राजस्व महा-अभियान दिनांक 16.08.2025 से 20.09.2025 तक निर्धारित है। इसअभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर जिला पदाधिकारी ने समाहरणालय परिसर से रवाना किया

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,11 अगस्त 2025 सोमवार**



को राजस्व महा-अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी विवरण को अद्यतन करने एवं आम रैयतों/भू-धारियों को भूमि संबंधी हो रही कठिनाईयों के निवारण हेतु परिमार्जन (खाता, खेसरा, रकवा, नाम आदि में सुधार) तथा उतराधिकार / बंटवारा नामांतरण संबंधी ओवदनों को कैंप मोड में प्राप्त किया जाना है।*

इस अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने हेतु राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा जिला स्तरीय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 04.08.2025 को समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया था।

आज महा अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश ने समाहरणालय परिसर से रवाना किया।

राजस्व महा अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला पदाधिकारी सिवान डॉआदित्य प्रकाश ने विस्तृत आदेश पूर्व में ही जारी किया है।

मास्टर ट्रेनर के रूप में श्रीमती नलिनी कुमारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,सीवान सदर,श्री पिन्टु कुमार, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, सीवान,श्री उदयन सिंह,अंचल अधिकारी, हसनपुरा,मो० राशिद हसन, राजस्व अधिकारी,महाराजगंज,श्री ऋतु राज, राजस्व कर्मचारी,अंचल कार्यालय, महाराजगंज के द्वारा जिला स्तरीय एवं अंचल स्तर पर महा अभियान के दौरान कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया है।

**प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पदाधिकारी / कर्मी के रूप में**

अपर समाहर्ता, सीवान
बंदोबस्त पदाधिकारी, सीवान
सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, सीवान
अनुमंडल पदाधिकारी, सीवान सदर एवं महाराजगंज,उप समाहर्ता भूमि सुधार, सीवान सदर एवं महाराजगंज,प्रखंडो के सभी वरीय पदाधिकारी, सीवान जिला।
सभी अंचल अधिकारी, सीवान जिला।
सभी राजस्व अधिकारी, सीवान जिला शामिल रहें हैं।

## सीवान में भीषण जाम से प्रशासन हुआ सख्त: 35 डॉक्टरों और लैब संचालकों को पार्किंग सुविधा न होने पर नोटिस, मचा हड़कंप!

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सीवान,** जिला अन्तर्गत विकास के पथ पर अग्रसर सीवान शहर इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। मुख्य सड़कों से लेकर अस्पताल रोड और गौशाला रोड तक, हर घंटे लगने वाला जाम शहर की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा रहा है। पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। प्रशासन ने कई बार अतिक्रमण हटवाने का प्रयास किया, लेकिन अतिक्रमणकारी फिर से कब्जा कर लेते हैं। इस समस्या से परेशान होकर, सीवान सदर अनुमंडल प्रशासन ने आखिरकार सख्त कदम उठाया है। शहर के अस्पताल रोड में जाम की समस्या को दूर करने के लिए एक बड़ी कार्रवाई की रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत, दो चरणों में कुल 35 डॉक्टरों, लैब संचालकों और अन्य लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

नोटिस में उनसे 7 दिनों के भीतर यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि उनके अस्पताल या क्लिनिक में मरीजों के वाहनों के लिए निजी पार्किंग की सुविधा क्यों नहीं है। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो बिना दूसरी नोटिस दिए सीधे बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**इन अस्पतालों और क्लिनिकों को जारी हुआ नोटिस**

5 अगस्त को पहले चरण में 22 डॉक्टरों और अन्य को नोटिस जारी किया गया था। इनमें डॉ. अंजुम इकबाल, डॉ. एम इकबाल, डॉ. रेयाजुद्दीन, डॉ. संदीप कुमार मिश्रा, डॉ. रबीश कुमार, डॉ. मोनाली बी. पवार, डॉ. पंकज कुमार सिंह, डॉ. ठाकुर अशोक कुमार, डॉ. मोहित कुमार जायसवाल, डॉ. आशुतोष दिनेन्द्र, डॉ. विश्वजीत कुमार, डॉ. धीरेन कुमार, डॉ. स्मिता गुप्ता, जीवनदीप हॉस्पिटल, डॉ. शिबा, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल, डॉ. पियूष पदमेश, डॉ. विकास, डॉ. मो. अमजद खान के साथ-साथ राजा गैस, आजाद मोबाइल और प्रकाश छोला भटूरा भोजनालय शामिल हैं।

# सोने चांदी के आभूषण व नकदी की चोरी करने के मामले में आरोपी दयाराम को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 02.08.2025 को परिवादी श्री अभय कुमार पुत्र रामदेव जाति जांगिड निवासी न्यू कोलोनी फुलेरा थाना फुलेरा जिला जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवायी की दिनांक 01-02.08.2025 की रात्रि को मेरे न्यू कोलोनी फुलेरा स्थित आवास में चोरी हो गई है। चोर सोने चांदी के आभूषण व 50000 रुपए की नकदी चुरा कर ले गये हैं। आदि रिपोर्ट पर पुलिस थाना फुलेरा पर प्रकरण संख्या 156/25 में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर माल बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक श्री अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा श्री चन्द्र प्रकाश पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए अज्ञात आरोपियों का पता लगाकर



अभियुक्त दयाराम मीणा को डिटेन कर पूछताछ की तो चोरी की वारदात करना स्वीकार की जिस पर आरोपी दयाराम को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना चाकसू, मुहाना, कानोता व मलपुरा गैट पर चोरी के 14 प्रकरण दर्ज हैं। प्रकरण में चोरी किया गया माल सोने चांदी के आभूषण व नगदी की बरामदगी के प्रयास तथा शेष फरार आरोपी की तलाश जारी है। अभियुक्त ने अनुसंधान के दौरान थाना फुलेरा, व जयपुर शहर के कई ईलाको में चोरी की वारदात को अंजाम देना बताया है।

# कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा नेता हनुमान वर्मा का करारा जवाब

## कहा : अगर चोरी हुई तो कांग्रेस की करीबी जीतें कैसे संभव ?

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** हरियाणा में 2024 में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर वरिष्ठ भाजपा नेता हनुमान वर्मा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यदि वोट चोरी हुई होती, तो कांग्रेस कई सीटों पर बेहद कम अंतर से जीत कैसे दर्ज कर पाती ? हनुमान वर्मा ने सवाल किया कि क्या चोर केवल भाजपा के वोट चुराते हैं और कांग्रेस के वोट छोड़ देते हैं ? यह दोहरा मापदंड और बेबुनियाद आरोप लोकतंत्र की नींव को कमजोर करते हैं। कांग्रेस को अपने आरोपों पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए, न कि जनता को गुमराह करना।



उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता में विश्वास रखती है और जनता के फैसले को सर्वोपरि मानती है। हरियाणा की जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है, क्योंकि हम विकास, सुरक्षा और समृद्धि के वादों पर खरे उतरे हैं। कांग्रेस के ये आरोप उनकी हार की कुंठा का नतीजा हैं, जो लोकतंत्र के लिए घातक हैं। यदि उनके पास कोई ठोस सबूत हैं, तो वे चुनाव आयोग के समक्ष पेश करें, न कि मीडिया में अफवाहें फैलाएं।

वर्मा ने कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता सब देख रही है और झूठे आरोपों से सत्ता नहीं मिलती, बल्कि जनता का विश्वास टूटता है। उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे निराधार दावों से विचलित नहीं होगी। भाजपा नेता ने सभी राजनीतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि वे मिलकर लोकतंत्र को मजबूत करें और चुनावी प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास पर ध्यान केंद्रित करने का है। हरियाणा की जनता शांति और प्रगति चाहती है, न कि राजनीतिक कलह।

## गांव धौंस में गर्भवती महिलाओं के सम्मान में गोद भराई कार्यक्रम, स्वास्थ्य और पोषण पर दिया गया विशेष जोर



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** गांव धौंस में आज गर्भवती महिलाओं के सम्मान में गोद भराई कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित प्रसव के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर सीडीपीओ शशि बाला और सुपरवाइजर अनु रानी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन के दौरान सभी गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक टोकरी भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्हें संतुलित आहार, समय-समय पर होने वाली स्वास्थ्य जांच, गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों और सुरक्षित प्रसव से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने और नवजात के स्वस्थ विकास पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर सरपंच सतीश कुमार, एएनएम मूर्ति देवी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दीपा, जीतो, शर्मिला, सन्त्रो, नरेश एवं हेल्पर मौजूद रहीं। सभी ने मिलकर महिलाओं को सही पोषण और समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में यह संदेश भी दिया गया कि गर्भवती महिलाओं की देखभाल केवल परिवार का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है।

## गांव करोड़ा के विंग कमांडर डॉ. रजत गर्ग का बेटियों के लिए सराहनीय सहयोग

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** देश की सेवा में योगदान देने वाले गांव करोड़ा के विंग कमांडर डॉ. रजत गर्ग ने एक बार फिर अपने गांव और बेटियों के प्रति अपनापन और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। लंबे समय पहले गांव छोड़कर कैथल में बसने के बावजूद गर्ग परिवार हर वर्ष धार्मिक कार्यक्रमों में गांव पहुंचता है और समय-समय पर सामाजिक कार्यों में सहयोग करता रहता है।



आज गांव के कन्या स्कूल के मुख्य गेट का लोकार्पण समाज द्वारा किया गया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ ने बेटियों को मिड-डे मील के दौरान बेहतर सुविधा देने के लिए सीमेंट की टेबल-बेंच बनाने का प्रस्ताव रखा। इस पर आनंद शर्मा ने तुरंत विंग कमांडर रजत गर्ग से बात की, और उन्होंने बिना देर किए आश्वासन दिया कि बेटियों के खाने की इस व्यवस्था के लिए चाहे जितना भी खर्च आए, वे पूरा सहयोग करेंगे। गांव में यह पहला अवसर नहीं है जब गर्ग परिवार ने शिक्षा और सामाजिक कार्यों में मदद की हो। पहले भी रजत गर्ग के दादा लाला हरिचंद स्कूल के लिए सहयोग करते रहे हैं। गांववासियों ने विंग कमांडर डॉ. रजत गर्ग के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह कदम न केवल बेटियों के लिए सुविधाएं बढ़ाएगा, बल्कि गांव के युवाओं को भी प्रेरणा देगा।

## निमार्णाधीन राइस मिल में एक व्यक्ति के ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा 3 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** सोलुमाजरा से चुहड़माजरा सड़क निमार्णाधीन राइस मिल के पास एक व्यक्ति के शव बरामद होने की ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करते हुए स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा उल्लेखनिय सफलता हासिल करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी देते हुए डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि 6 अगस्त को सोलुमाजरा से चुहड़माजरा रोड के पास खेतो से एक व्यक्ति की शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान 45 वर्षीय खेड़ी रायवाली निवासी निवासी रामसिंह के रूप में हुई थी। जो मृतक के बेटे प्रदीप की शिकायत अनुसार उसके पिता राम सिंह सोलुमाजरा से चुहड़माजरा सड़क पर वैष्णो राइस एंड जनरल मिल्स जोकि निमार्णाधीन है, उसमें रात के समय चौकीदार की ड्यूटी देते थे। प्रतिदिन की तरह वह मंगलवार शाम के समय राइस मिल में अपनी ड्यूटी के लिए बाइक पर सवार होकर गए थे, लेकिन वह सुबह घर




नहीं पहुंचे। मोबाइल पर संपर्क किया तो वह स्विच ऑफ मिला। राइस मिल में जाकर देखा तो वहां पर भी नहीं मिले, जबकि चारपाई के पास उनका लंच बॉक्स, चप्पल तथा बैटरी मिली। उनकी बाइक दूसरे राइस मिल में खड़ी थी। करीब 11 बजे राइस मिल में काम करने वाले मजदूर जब शौच करने के लिए दीवार के पास गया तो उसने धान के खेत में राम सिंह का शव मिला। उन्होंने बताया कि उसके सिर व मुंह पर चोट के निशान मिले और उसके कपड़े भी फटे हुए पाए। जिस बारे अज्ञात के खिलाफ थाना ढांड में हत्या का मामला दर्ज किया गया।

डीएसपी ने कहा कि एसपी आस्था मोदी द्वारा स्पेशल डिटेक्टिव युनिट को जल्द से जल्द मामले को सॉल्व करके आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए गए थे। आदेशो पर खरा उतरते हुए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश चंद की अगुवाई में एसआई धर्म सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव सिमरधा जिला ललितपुर यूपी निवासी रामकुमार, धीरज उर्फ धीरा तथा भिकम उर्फ पप्पू को ढांड से काबू कर लिया गया। आरोपियों से पूछताछ दौरान उन्होंने रामसिंह की हत्या की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। आरोपियों से पूछताछ दौरान खुलासा हुआ कि सभी आरोपी उक्त निमार्णाधीन राइस मिल में ही काम करते है तथा वहीं रहते है। वहां कई बार रात के बिजली कट जाती थी, वो सभी ये सोचते थे कि लाइट राम सिंह ने काटी है। वारदात वाली रात किसी कारण बिजली कट गई थी। उन्होने सोचा कि रामसिंह ने जान बुझकर लाइट काटी है।

## गाड़ी चालक ने 3 को कुचला

**देश का दर्पण दैनिक अखबार**
**न्यूज रिपोर्टर..राकेश कोठेनिया हलेना**

भरतपुर ...जिले के उद्योगनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार गाड़ी द्वारा बाइक एवं स्कूटी को भीषण टक्कर मारने तथा भीषण टक्कर में बाइक एवं स्कूटी सवार 3 लोगो के गंभीर रूप से घायल होने जबकि भीषण टक्कर मारने के बाद आरोपी गाड़ी चालक द्वारा गाड़ी को घटनास्थल पर ही छोड़कर मौके से फरार होने साथ ही घटना के कुछ घंटों बाद आरोपी गाड़ी सवार द्वारा वापस घटनास्थल पर पहुंचकर अपनी क्षतिग्रस्त गाड़ी को लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार आरोपी गाड़ी चालक नशे में धुत्त था तथा उसकी गाड़ी में शराब की खुली हुई बोतल भी मौजूद थी।

पीड़ित एवं घायल बेटे हर्ष गोयल निवासी गिर्राज कॉलोनी रेलवे स्टेशन भरतपुर द्वारा मामला दर्ज करवाते हुए बताया गया कि उसके पिता भूपेंद्र गोयल बाइक से एवं चाचा किशोर गोयल स्कूटी से 10.08.2025 की देर रात अपनी दुकान को भड़ाकर अपने घर जा रहे थे कि जैसे ही वह मुकन्द विहार मैरिज होम के पास पहुंचे तो निशांत सिंह निवासी रळउ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के नाम से रजिस्टर्ड तेजगति से आई सफेद रंग की एस्टर गाडी RJ05 CC 9658 के चालक ने सामने से उसके पिता एवं चाचा की स्कूटी में भीषण टक्कर मार दी जिससे उसके पिता एवं चाचा को गम्भीर चोट आई है। पीड़ित एवं घायल बेटे हर्ष गोयल के अनुसार घटना में उसके पैर में गंभीर चोटें आई है जबकि उसके पिता भूपेंद्र गोयल के हाथ में कई फ्रैक्चर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई है साथ ही उसके चाचा किशोर गोयल के पैर में कई फ्रैक्चर एवं शरीर के अन्य हिस्सों व सिर में भी गंभीर चोटें आई है। घटना में बाइक एवं स्कूटी पूरी से तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जबकि आरोपी गाड़ी चालक द्वारा अपनी क्षतिग्रस्त गाड़ी सहित मौके से फरार होने के बाद घटनास्थल से कुछ दूरी पर अपनी क्षतिग्रस्त गाड़ी छोड़कर फरार हो गया तथा कुछ घंटे बाद फिर से मौके पे पहुंचकर अपनी क्षतिग्रस्त गाड़ी को ले गया।

## श्रेया कुमावत का सम्मान, एवं राज्य मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के साथ किया सिंदूर पौधे का वृक्षारोपण

**सुरज वर्मा**

शाहपुरा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाली राजस्थान की ग्रीन लिटिल बेबी श्रेया कुमावत को श्री काल्पतरु संस्थान द्वारा आयोजित वृक्ष मित्र सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। एवं राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा के साथ सिंदूर पौधे का वृक्षा रोपण करने का सौभाग्ये प्राप्त हुआ। यह समारोह संस्थान के अध्यक्ष ट्री मैन ऑफ इंडिया विष्णु लाम्बा के तत्वावधान में श्याम ऑडिटोरियम, राज्य कृषि अनुसंधान संस्थान निदेशालय, जयपुर में भव्य रूप से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं महिमा ग्रुप के चेयरमैन धीरेन्द्र मदान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।




विशेष आमंत्रण पर पहुँची श्रेया कुमावत को मंच पर सम्मानित किया गया और राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा से स्नेह भेंट हुई।बता दें कम उम्र में ही प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गहरी संवेदनशीलता रखने वाली श्रेया कुमावत को पर्यावरण संरक्षण अभियानों, पौधारोपण कार्यक्रमों और जागरूकता रैलियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाना जाता है। पौधों की देखभाल और हरियाली बढ़ाने के उनके प्रयासों ने उन्हें ह्लग्रीन लिटिल बेबीह्व की उपाधि दिलाई है। श्रेया, अपने छोटे से प्रयासों से समाज में यह संदेश दे रही हैं कि पर्यावरण बचाना हर उम्र और हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। विष्णु लाम्बा ने बताया कि समारोह के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर 2.0 अभियान के तहत एक लाख सिंदूर के पौधों का वितरण प्रारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य पूरे प्रदेश में पर्यावरण जागरूकता की अलख जगाना है।

## किसान की समृद्धि में ही भारत की समृद्धि निहित है - कुमावत

**सुरज वर्मा**



फुलिया कलां उपखंड क्षेत्र में सुविचार अभियान के अंतर्गत डोहरिया स्थित चारागाह में ग्राम वासियों द्वारा चारागाह दर्शन का कार्यक्रम किया गया । इस अवसर पर भूमि पूजन, गौ पूजन, वृक्ष पूजन का कार्यक्रम किया गया जहां डोरिया ग्राम के प्रमुख ग्रामवासी उपस्थित रहे । सुविचार अभियान के जिला सहसंयोजक परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहां है कि भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है । गांवों की समृद्धि से ही भारत की समृद्धि संभव है । गांव का किसान वर्ग पशुधन पर आश्रित हैं, चारागाह बचेंगे तो पशुधन बचेंगे । चारागाह समृद्ध होंगे तो पशुधन समृद्ध होगा और पशुधन समृद्ध होगा तो ही किसान समृद्ध होगा । किसान की समृद्धि में ही भारत की समृद्धि निहित है इसलिए वर्तमान में चारागाह विकास, जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं रसायन मुक्त खेती आज की आवश्यकता है । कुमावत ने कहा है कि चारागाह के क्षेत्र में भीलवाड़ा जिले को एक मॉडल रूप में खड़ा करना है इसके लिए अपना संस्थान, सरोज देवी फाउंडेशन, गोयल अनुसंधान केंद्र, एफ ई एस मिलकर काम कर रहा है । इस अवसर पर प्रशासक सत्यप्रकाश बैरवा, सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी रामनिवास जाट, सुनिल कुमार लोढ़ा,शिक्षक रामधन बैरवा, शारीरिक शिक्षक बन्नालाल बैरवा, सोजीराम जाट, रामेश्वर गुर्जर, गोपाल जाट, ओमप्रकाश सेन,मोडूलाल माली,सुवा भील एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## बाइक चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, 2 चोरीशुदा बाइक बरामद

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा बाइक चोरी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 2 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कलायत निवासी सोमदत्त की शिकायत अनुसार 8 अगस्त को पुरानी नगर पालिका कलायत के पास से उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए, जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार



की अगुवाई में एसआई जयभगवान, होमगार्ड सतीश व मनोज की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला जींद के गांव डाहोला निवासी अजय व शाही राम को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से दो चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। जो बाइक उपरोक्त मामले की है जो कलायत से चोरी की गई है तथा दूसरी बाइक आरोपियों द्वारा थाना पिल्लूखेड़ा जिला जींद क्षेत्र से चोरी करनी कबुली गई है। दोनो आरोपी सोमवार को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

## जल जमाओ की समस्या,से घिरता सीवान.....

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**



सिवान के गायत्री मंदिर के समीप, जो कि छपरा रोड सिवान पर स्थित हैं। जहां की कॉलोनी में जल जमाओ की समस्या पिछले कई महीनों से बनी हुई हैं और पानी निकासी के कोई व्यवस्था नही हो पाई जिसके चलते मोहल्ले वासियों को काफी ज्यादा दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है और इसपर नगरपालिका के कर्मचारी का कोई ध्यान नही है, और न ही नगरनिगम का कोई कर्मचारी कभी देखने आते है, और तो और डस्टबिन की भी व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके चलते पूरा माहौल का कूड़ा कचरा की जमाव की संभावना बनी हुई हैं और जल जमाव की समस्या अलग, जिसके चलते डेंगू और मलेरिया के मच्छर पैदा ले रहे और खतरनाक संक्रमण रोग होने की संभावना है।

1)तो क्या नगरपालिका इसपर क्या करवाई करती हैं?

2) क्या नाला की सप्लाई व्यवस्था करेंगी?

## चुनाव आयोग एवं भाजपा की मिलीभगत से हो रही है वोट चोरी, कमजोर तबके एवं किसान-मजदूरों के काटे जा रहे हैं वोट, कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा में अकेले एक लाख दो सौ पचास वोट की चोरी।

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**



सीवान, 11 अगस्त, 2025 को नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी द्वारा वोट चोरी को लेकर उठाए गए सवालों को लेकर आज सीवान जिला कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन बुलाया गया। संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि कांग्रेस की टीम ने कर्नाटक की महादेव पुरा विधानसभा सीट पर रिसर्च किया जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। कुल 1लाख 2 दो सौ पचास वोटों की चोरी हुई। जिसमें डुप्लीकेट मतदाता 11965,फर्जी और अमान्य पते 40009,एक पते पर थोक मतदाता 10452,अमान्य तस्वीरें 4132,फॉर्म छः का दुरूपयोग कर 33692 वोटर बने थे। उन्होंने कहा कि इस पूरे वोट चोरी में चुनाव आयोग एवं भाजपा की मिलीभगत है। चुनाव आयोग से राहुल गाँधी जी ने डिजिटल वोटर लिस्ट की माँग की है। जिसके बाद आरोप प्रत्यारोप जारी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गोरिया कोठी एवं महाराज गंज विधानसभा के कुछ बूथों पर जाँच के दरमियान कई जिन्दा लोगों के वोटर लिस्ट से नाम गायब थे। कांग्रेस पार्टी इस वोट चोरी के खिलाफ लोकतंत्र एवं संविधान रक्षा के लिए हर हालत में लड़ाई लड़ेगी। बिहार में खासकर कमजोर तबकों एवं किसान-मजदूरों के वोट काटे जा रहे हैं। जिसके खिलाफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी एवं तेजस्वी यादव 17 अगस्त को सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा के क्रम में वे सीवान भी पहुंचेंगे। प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. के. एहतेशाम अहमद ने कहा कि भाजपा येन केन प्रकारेण ये चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। एसआईआर की प्रक्रिया में न तो आम जनता को फॉर्म देते समय कोई रिसिविंग दिया और ना जमा करते समय। कोई जमा किया अगर गायब हो गए इसकी जिम्मेदारी कोई नहीं लेगा। वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सीवान जिले के दारौंदा विधानसभा के सिसवन ब्लॉक में 124 साल की महिला मिनता देवी की खोज चुनाव आयोग ने की है। यह वास्तविक रूप से है भी या नहीं, यह जाँच का विषय है। गहन पुनरीक्षण से भाजपा एवं चुनाव आयोग के द्वारा की जा रही वोट चोरी के करतूतों से आम जनता के बीच इनका असली चेहरा सामने लाया जाएगा।

संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवधारी दुबे, मो. हक, शशि कुमार, संतोष पाण्डेय शामिल थे।

## मॉडल स्कूल बनेड़ा में 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' का आगाज

**सुरज वर्मा**



बनेड़ा उपखण्ड क्षेत्र में स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल बनेड़ा में राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम एवं विद्यालयों में विभिन्न गतिविधि का आयोजन करवाया जा रहा है। मॉडल स्कूल बनेड़ा के कार्यवाहक संस्थाप्रधान श भरत देव धाभाई एव गतिविधि प्रभारी शंकर लाल माली ने बताया की 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे विद्यालय की एकता राठौड़ एव दिलखुश कँवर द्वारा विद्याथीर्यों के दल बना कर तिरंगा रंगोली बना कर समस्त क्षेत्र वासियों हेतु 'हर घर तिरंगा' संदेश प्रसारित कर जागरूकता उत्पन्न की गई। प्रतियोगिता कार्यक्रम में विद्यालय के ईश्वर सिंह, निशान्त चौहान,अमृता खोईवाल, राजेश पुरोहित, हेमंत गुर्जर, एकता राठौड़, चंचल प्रजापति, मोनिका स्वर्णकार मथुरा शर्मा, लगन कोली,शिवराज वैष्णव, हनुमान चौधरी,परमेश्वर शर्मा, रामलाल खारोल,राहुल जाट, की सक्रिय भूमिका रही।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष त्रिपाठी ने सेवादल महिला जिला संगठक एवं यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा**
**सुरज वर्मा**



भीलवाड़ा ज़िले में 11अगस्त को सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल देशाई के निदेर्शानुसार सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष जगदीश बिश्नोई द्वारा जिला सेवादल अध्यक्ष योगेश सोनी की अभिशंषा पर नियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक भारद्वाज एवं राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा नुवाल द्वारा नियुक्त जिला महिला मुख्य संगठक अनिता कंवर को जिला कांग्रेस कार्यालय में नियुक्ति पत्र प्रदान किये। सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने बताया कि जिलाध्यक्ष त्रिपाठी द्वारा उपरणा पहनाकर नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करते हुऐ उन्हें सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशन में कार्य करते हुऐ कांग्रेस की रीति नीति के अनुसार कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिय? कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति मंजू पोखरणा , सेवादल मुख्य प्रशिक्षक गुडविन मसीह ,उपाध्यक्ष कुन्दन शर्मा , महासचिव शिवराज सुराणा , संदीप टेलर, कोषाध्यक्ष निशान्त दूत ,ध्वज प्रभारी शांतिलाल धोलपूरिया ,सचिव हेमन्त सर्वा , शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अमरवाल , कांग्रेस कार्यालय प्रभारी मुस्ताक अली मंसूरी ,खेमराज पनवा , अली मंसूरी ,ममता शर्मा ,शिव कुमार घावरी , शुभम लोहिया ,अमित शक्तावत एवं गोरीशंकर दायमा उपस्थित रहे।

# जनता तक सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाना मेरी प्राथमिकता : सांसद नवीन जिन्दल

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि लोकतंत्र में संसद की भूमिका सर्वोपरि है और यहां होने वाली चचाएं व निर्णय देश की दिशा तय करते हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने आज कुरुक्षेत्र और कैथल जिले के लगभग 100 पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों को संसद भवन का भ्रमण करवाया, ताकि वे नजदीक से संसदीय कार्यवाही को देख व समझ सकें।

प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा का दौरा किया और प्रत्यक्ष रूप से प्रश्नकाल, शून्यकाल और विभिन्न विधेयकों पर हो रही चचाओं का अवलोकन किया। सांसद जिन्दल ने विस्तार से बताया कि किस तरह विधायी प्रक्रियाएं संचालित होती हैं, कानून बनाए जाते हैं और सरकार व विपक्ष के बीच बहस होती है। उन्होंने कहा कि यह बहसें केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने का माध्यम हैं।

उन्होंने पत्रकारों के साथ अपने द्वारा संसद में उठाए गए प्रश्नों और मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान जिन्दल ने गंगा मैया और यमुना मैया के बढ़ते प्रदूषण के मुद्दे पर भी गंभीर चिंता जताई और संसद में इसके निवारण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन पवित्र नदियों का संरक्षण केवल



पर्यावरण ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर की रक्षा से भी जुड़ा है।

सांसद जिन्दल ने कहा कि पारदर्शिता और जनसंपर्क को मजबूत करना मेरा प्राथमिक उद्देश्य है। यदि जनता तक सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचेगी, तो लोकतंत्र और सशक्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आम लोगों, विशेषकर मीडिया के माध्यम से, संसदीय कार्यवाही की गहराई को समझने और उसे सही रूप में जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर सांसद जिन्दल ने सभी अतिथियों को अपने न्यू मोती बाग स्थित निवास पर आमंत्रित किया, जहां उन्होंने सभी के साथ भोजन व जलपान किया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुभव ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

# भदोही: बिहार जा रही एम्बुलेंस खड़े कंटेनर से टकराई, दो महिलाओं की मौत

## दुर्घटना में छह घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जनपद में कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार को शव लेकर बिहार जा रही एम्बुलेंस राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गोपपुर में खड़े कंटेनर में पीछे से जा टकराई। इस हादसे में एम्बुलेंस में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल और ट्रामा सेंटर वाराणसी में भर्ती कराया गया है।

एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि बिहार के गया के गोडारो निवासी वरुण कुमार (45) दिल्ली में एक कंपनी में प्राइवेट नौकरी करते थे।बीती आठ अगस्त को वरुण एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनका दिल्ली के एम्स अस्पताल में मौत हो गई। परिजन मृतक का शव एम्बुलेंस से बिहार के गया लेकर जा रहे थे। गोपीगंज से आगे बढ़ते ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओबीटी कम्पनी के पास गोपपुर में खड़े कंटेनर में



एम्बुलेंस जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे लोगों में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई है।

एसपी ने बताया कि मृतकों की पहचान मृतक वरुण की पत्नी ममता(40) और उनकी बहन बेबी(45) पत्नी परमेश के रूप में हुई हैं। वहीं इस हादसे में रमेश(45) पुत्र त्रिवेदी निवासी बरई बरादह (गाजीपुर), उत्तम(30) पुत्र शंकर निवासी खोड़ा (गाजियाबाद), राजा (35) निवासी बेगूसराय और अजित कुमार (28) निवासी बेगूसराय घायल हो गए। इनके अलावा कंटेनर चालक सूरज (32) निवासी अछल्दा (औरैया) और खलासी मोहम्मदअफसर (23) निवासी कछौरा गंभीर रूप से घायल हो गए। पूछताछ में पता चला है कि कंटेनर फरीदाबाद से कोलकाता जा रहा था।

एसपी ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने त्वरित राहत कार्य कराते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल महाराजा चेतसिंह रेफर कर दिया गया। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया गया है। बाकी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## श्रीराम मंगलावतार हैं और श्रीरामचरित मानस उनका ग्रंथावतार : डॉ. जनार्दन उपाध्याय

**अयोध्या।** श्रीराम मंगलावतार हैं और श्रीरामचरित मानस भगवान श्रीराम का ग्रंथावतार है। ऐसा विद्वानों का मत है। यह धार्मिक, अध्यात्मिक, भौतिक, प्रयोग और अनुप्रयोग के धरातल पर समय-समय पर सिद्ध भी होता रहा है। ये विचार तुलसी साहित्य के मर्मज्ञ डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने व्यक्त किए।

डॉ उपाध्याय अखिल भारतीय साहित्य परिषद, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अवधी भाषा विभाग व अमर शहीद संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास पखवाड़े के अवसर पर आयोजित व्याख्यान एवं कवि गोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। अवध विवि के सिंधी अध्ययन केंद्र के सभागार में आयोजित व्याख्यान का विषय गोस्वामी तुलसी दास का लोक चिंतन था।

डॉ. उपाध्याय ने कहा कि भारतीय आर्ष ग्रंथों में जिस प्रकार से काव्य व कथा दोनों प्रकार के वैभव निहित हैं, ठीक उसी प्रकार से गोस्वामी जी के साहित्य में भी यह अनुशासन देखने को मिलता है। कविता में कोई बंद (कविता का एक भाग) बार-बार सुनने की इच्छा होती है और कथा में आगे की कथा जानने की जिज्ञासा होती है। ये दोनों तत्व गोस्वामी जी के ग्रंथों में विशेष रूप से श्रीरामचरित



मानस में समाहित हैं।

उन्होंने तुलसी साहित्य में लोक चिंतन पर कहा कि किसी भी मनीषी की रचना के तीन तत्व प्रमुख होते हैं। एक आध्यात्मिक-धार्मिक चिंतन, दूसरा काव्य और तीसरा लोक मंगल की भावना। भगवान श्रीराम तो मंगलावतार हैं। उनका पूरा जीवन ही लोक कल्याण को ही समर्पित है। उनकी कथा भी उनके चरित्र के अनुरूप ही होगी। गोस्वामी जी ने तो लोक को प्रथम रखा और लोकभाषा में ही अपनी रचनाएं कीं।

व्याख्यान की भूमिका बीएनकेबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबपुर अंबेडकरनगर के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी का कालखंड ऐसा था कि देश के राजे-रजवाड़े जिन पर लोक हित की चिंता का दायित्व था, वे कंचन-कामिनी में फंसे थे, ऐसे में गोस्वामी जी ने लोकभाषा में एक आशा का संचार किया और भगवान राम के धनुधारी रूप को लोकमंगलकारी स्वरूप जन मानस के समक्ष लोकभाषा में अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। पूरे देश में जिस प्रकार से धर्मांतरण और शोषण का कुचक्र विदेशी आक्रांता शासक चला रहे थे, उस काल में एक जागृति उत्पन्न की।

व्याख्यान के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत साकेत महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ असीम त्रिपाठी व सिंधी अध्ययन केंद्र के सलाहकार ज्ञानप्रकाश टेकचंदानी सरल ने किया। कार्यक्रम का आरंभ संस्था के संरक्षक प्रो. लक्ष्मीकांत सिंह की वाणी वंदना से हुआ। कार्यक्रम का संचालन अवधी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. प्रत्याशा मिश्र ने तथा धन्यवाद ज्ञापन राम प्रकाश त्रिपाठी ने किया। सहायक आचार्य कपिल कुमार, नीलम वरियानी व सीतू वरियानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## हरियाणा सरकार पिछड़ा वर्ग को बरगला कर वोट लेना चाहती है : राजेंद्र तंवर

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** ओबीसी बिग्रेड हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तंवर ने आरोप लगाया है कि हरियाणा सरकार पिछड़ा वर्ग को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है और किए गए वादे पूरे नहीं कर रही। तंवर ने कहा कि 23 जून 2024 को गुरुग्राम में हुई पिछड़ा वर्ग रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में क्लास-1 और क्लास-2 नौकरियों में 27% आरक्षण और बैकलॉग भरने की घोषणा की थी, लेकिन डेढ़ साल बाद भी कोई वादा पूरा नहीं हुआ।



तंवर ने बताया कि हाल ही में एचपीएससी द्वारा निकाली गई 785 एडीओ पोस्टों में पिछड़ा वर्ग का हिस्सा 118 सीट बनता था, लेकिन केवल 80 सीटें दी गईं, जो उनके साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ओबीसी को सिर्फ ग्रुप-सी और ग्रुप-डी तक सीमित रखना चाहती है। उन्होंने माटीकला बोर्ड के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व अध्यक्ष करण सिंह रानौलिया के समय पंचायतों में कुम्हारों को जमीन आवंटित की गई थी, लेकिन अब उसी का श्रेय लेने की कोशिश की जा रही है। कई गांवों में अभी भी कब्जा नहीं मिला है।

राजेंद्र तंवर ने घोषणा करते हुए कहा कि 17 अगस्त को करनाल के कर्ण पार्क स्थित मानव सेवा समिति हॉल में राज्य कार्यकारिणी की अहम बैठक होगी, जिसमें आरक्षण लागू करवाने और जातिगत जनगणना की मांग को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला तो पिछड़ा वर्ग अलग राह अपनाकर सीधे राजनीतिक संघर्ष करेगा।

## पूर्व विधायक ने जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की सुनी समस्याएं



**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के राघोपुर नरसंडा पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम हुआ आयोजन। जनसंवाद कार्यक्रम के मौके पर पातेपुर के पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी ने लोगों को समस्या को जाना। इस मौके सड़क,नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास में अवैध वसूली आदि पर लोगो ने पूर्व विधायक को अवगत कराया। वही पूर्व विधायक ने लोकतंत्र में एक वोट की कीमत के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को राघोपुर नरसंडा पंचायत के बाजितपुर गांव में

पातेपुर के पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी ने जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने तेजस्वी यादव द्वारा की गई घोषणा माई बहन मान सम्मान, फ्री बिजली यूनिट, पांच किलो अनाज के बदले रोजगार आदि पर विस्तार रूप से जानकारी दी। वहीं मौके पर लोकतंत्र में लोगों की सहभागिता और पंचायत चुनाव से लोकसभा चुनाव तक एक मत का महत्व पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि चंद दिनों में लोग अपने वोट के महत्व को नहीं समझ पाते हैं। जिस कारण पांच साल तक अपनी समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि का चक्कर लगाते रहते हैं।इस मौके पर उपस्थित सैकड़ों महिला पुरुषों ने सड़क नल जल प्रधानमंत्री आवास में दलाली आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर राजद नेता अभिषेक चौधरी, नीरज मिश्रा, चंद्रदीप राम, रत्नेश कुमार, फेकन राम, शीला देवी माला देवी, रामकला देवी रजिया देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजुद थें।

## केवल औपचारिकता पूर्ति वाला न हो यूपी विधानसभा सत्र: मायावती

### राजनीतिक स्वार्थ, द्वेष व कटुता को त्यागकर आगे बढ़ने की जरूरत पर दिया जोर

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि आज से उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ है। यह सत्र संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला न हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना जरूरी है। इसके लिए सरकार एवं विपक्ष दोनों को अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, द्वेष व कटुता आदि को त्याग कर आगे बढ़ना होगा।

मायावती ने आज एक्स पर पोस्ट करते ?हुए लिखा कि संसद का जो अभी मानसून सत्र चल रहा है उसके भी पूरी तरह शान्तिपूर्ण तरीके से नहीं चलने से वह जन अपेक्षा के अनुसार सही से कार्य



नहीं कर पा रहा है। इस कारण जनता व देश के ज्वलन्त मुद्दों पर पूरी गंभीरता से चर्चा नहीं हो पाने से लोगों में चिन्ता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वैसे भी भारतीय व्यापार पर भारी अमेरिकी टैरिफ के कारण देश की अर्थव्यवस्था व विकास पर जो बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है, उसकी चर्चा व्यापक रूप से हर जगह गर्म है।

इस पर खास तौर से संसद में सही से चिन्तन-मनन करने की जरूरत है, क्योंकि यह देश के ह्लअच्छे दिनह्न से जुड़ा देशहित का खास मुद्दा है तथा जिसे हल्के में लेकर देश के भविष्य को दाव पर नहीं लगाया जा सकता है। सरकार व विपक्ष दोनों इस पर उचित व समुचित ध्यान दें।

बसपा प्रमुख ने कहा कि चाहे वोटर व वोटर सूची तथा उसके रिवीजन एवं ईवीएम आदि से सम्बंधित देश, जनहित एवं लोकतंत्र से जुड़े मामलों में जो किस्म-किस्म की बातें देश में चल रही हैं। उन संदेहों को अवश्य ही यथाशीघ्र दूर किया जाए तो यह बेहतर होगा।

## औरैया: पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जनेतपुर खेरा में सोमवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटकता मिला। मृतक की पहचान सोनू राजपूत (27) पुत्र सुंदर राजपूत के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में दहशत और चचाओं का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## रक्षाबंधन के पवित्र पर्व पर बॉर्डर पर तैनात जवानों को भाजपा नेत्री ने बांधी राखी

**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**

बहराइच जनपद की मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत चितलहवा के रजनवा बार्डर पर रक्षाबंधन के पावन पर्व के शुभ अवसर पर श्रीमती शांति रावत मंडल मंत्री भाजपा मिहींपुरवा 282 विधानसभा बलहा द्वारा भारत नेपाल सीमा पर



स्थित 59वीं वाहिनी एसएसबी चौकी चितलहवा रजनवा बॉर्डर पहुंच कर सशस्त्र सीमा बल के जवानों एवं सीमा जागरण मंच अवध प्रांत के संगठन मंत्री अमरनाथ एवं उपाध्यक्ष परमानंद सिंह के हाथों में राखी बांधकर बड़े प्रसन्नता एवं हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया इस शुभ अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के उप निरीक्षक पवित्र दत्त हेड कांस्टेबल सर्व श्री नागेंद्र कुमार विनोद कुमार बब्लेश कुमार यासीन अली जीवन सिंह गजेंद्र गोंड राज प्रकाश भगत शशिधर करणवीर ओमप्रकाश हरिंदर कुमार चरणजीत एवं बॉर्डर के गांव की बहने उपस्थित रही।

बॉर्डर पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों अपने बड़े हर्ष उल्लास के साथ राखी बंधवाई और बहनों की सुरक्षा भाई बहन के अटूट प्रेम का एहसास दिलाया।

## सपा विधायकों ने विधान भवन में दिया धरना



**लखनऊ।** विधानसभा सत्र से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सोमवार को विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। वहीं समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान धनुष लेकर विधान भवन पहुंचे। सपा विधायक इंजीनियर सचिन यादव दीक्षांत समारोह का गाउन पहनकर पहुंचे। उनके गाउन पर युवाओं के बेरोजगारी जैसे मुद्दे लिखे हुए थे। समाजवादी पार्टी ने सरकार को हर मुद्दे पर कठघरे में खड़ा किया। सपा विधायकों का कहना है कि इस सरकार में किसान परेशान है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। उल्लेखनीय है आज सुबह 11:00 बजे से विधानमंडल का सत्र आरंभ हो रहा है।

## नि:शुल्क दोना पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन टूल किट्स को साक्षात्कार 12 अगस्त को

**प्रयागराज।** नि:शुल्क दोना पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन टूल किट्स वितरण के लिए साक्षात्कार 12 अगस्त को होगा। यह टूल किट वितरण उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड करेगा। यह जानकारी सोमवार को जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रयागराज जवाहर लाल दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष-2025-26 में ग्रामोद्योगी टूल्स-किट वितरण योजना के तहत जनपद प्रयागराज को दोना पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन वितरण किये जाने जनपद को 10-10 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस संबंध में इस कारोबार को करने के इच्छुक लोगों से आवेदन मांगा गया था। इसी क्रम में लोगों ने आवेदन किया है। जिनका साक्षात्कार -12 अगस्त को समय 11.00 बजे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय विकास भवन



प्रयागराज के कमरा नम्बर-37 में परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी , प्रयागराज मण्डल प्रयागराज की अध्याक्षता में गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार लेगी। अतः दोना पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन टूल किट्स हेतु आवेदन किये गये लाभार्थियों को सूचित किया जाता है, कि टूल किट्स चयन के लिए 12 अगस्त को समय 10.00 बजे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय विकास भवन प्रयागराज के कमरा नम्बर-37 में साक्षात्कार रखा गया हैं। समस्त लाभार्थी साक्षात्कार के आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र एवं योग्यता प्रमाण-पत्र सहित साक्षात्कार में प्रतिभाग करें।

## मिहीपुरवा मंडल में आयोजित हुआ तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम

**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**

बहराइच देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर राष्ट्र को स्वतंत्र करने में अमर शहीदों द्वारा दिए गए बलिदान के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश एवं जनपद नेतृत्व के



निदेर्शानुसार आज दिनांक 11 8 2025 को जनपद बहराइच की 282 विधानसभा बलहा के मिहींपुरवा मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक वर्मा ब्लॉक प्रमुख की गरिमा में उपस्थित एवं कार्यक्रम के आयोजक परम सम्मानित मंडल अध्यक्ष श्री शिवेंद्र प्रताप सिंह जी की अगुवाई एवं वीर चंद्र वर्मा जिला मंत्री भाजपा मनीराम थारू जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा विमल पोरवाल व रामप्रीत वर्मा मंडल महामंत्री अतुल चौधरी मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा श्रीमती शांति रावत मंडल मंत्री भाजपा श्रीमती निशा निषाद मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं मंडल के समस्त भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक एवं सभी मोर्चा के सम्मानित कार्यकताओं के भागीरथ प्रयास से भव्य तिरंगा यात्रा , वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि जय घोष के साथ भाजपा के हजारों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल की यात्रा के साथ अपने हाथों में तिरंगा लहराते हुए मोतीपुर कॉलोनी से चलकर मिहींपुरवा बाजार होते हुए गल्ला मंडी में जाकर मुख्य अतिथि, मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री एवं अन्य कार्यकताओं के ओजस्वी संबोधन के बाद भारत माता की जय एवं वंदे मातरम की जय घोष के साथ समाप्त की गई ।

## सेना के सम्मान में डीएम के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस पूर्व निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**जौनपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद और स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पूरे प्रदेश में सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मदरसों के छात्र-छात्राएं, दिव्यांग बच्चे, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं



तिरंगा हाथ में लेकर शामिल हुईं। कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ हुई यात्रा लाइन बाजार चौराहे से होते हुए सबसे पहले गांधी तिराहे पहुँची, जहां जिलाधिकारी सहित अधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद यात्रा आगे बढ़ते हुए अंबेडकर तिराहे पहुँची, जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर



माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया।

इस अवसर पर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा, ह्लऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस पूर्व सभी जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जौनपुर, जिसे शिराज-ए-हिंद के नाम से जाना जाता है, में लोगों का जोश और जनसैलाब अद्वितीय है। विशेष रूप से अल्पसंख्यक विभाग के स्कूलों के बच्चों की सहभागिता सराहनीय रही।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि 13, 14 और 15 अगस्त को अपने घर पर तिरंगा अवश्य लगाएं। दिव्यांग प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ह्लदिव्यांग व्यक्ति शारीरिक रूप से सीमित हो सकते हैं, लेकिन उनकी मानसिक प्रेरणा और सहभागिता में कहीं भी दिव्यांगता का असर नजर नहीं आता।

इस दौरान तिरंगा यात्रा में सभी प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री के जनसंवाद का होगा आयोजन

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बिजली उपभोक्ताओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 11बजे आयोजित संवाद कार्यक्रम में लोगो को 10बजे पहुंचने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी

मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निशुल्क बिजली देने की ऐतिहासिक घोषणा को लेकर उपभोक्ताओं को योजना की संपूर्ण जानकारी देने के लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# छोड़िए पुराना ऑयल, खाने में इस्तेमाल करें यह तेल, कोलेस्ट्रॉल पर लग जाएगी लगाम, फायदे जान चौंक जाएंगे



**ऑलिव ऑयल कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने और दिल की सेहत सुधारने में मदद करता है. यह सूजन कम करता है, वजन कंट्रोल करता है और पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद है. यह तेल आपकी सेहत सुधार सकता है.**

भारतीय खानपान में तेलों का खूब इस्तेमाल किया जाता है. सब्जी बनाने से लेकर हर व्यंजन में ऑयल की जरूरत पड़ती है. कई लोग अच्छी सेहत के लिए सरसों का तेल इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ लोग रिफाइंड ऑयल से ही खाना बना लेते हैं. अगर आप अपनी सेहत को लंबी उम्र तक ठीक बनाए रखना चाहते हैं, तो आज ही किचन से अनहेल्दी ऑयल निकालकर फेंक दें और उसकी जगह ऑलिव ऑयल (Olive Oil) यूज करना शुरू कर दें. इससे आपके शरीर में जमा कोलेस्ट्रॉल कम हो जाएगा और हार्ट हेल्थ बूस्ट हो जाएगी.

ड्ढह्लद्ध की रिपोर्ट के मुताबिक ऑलिव ऑयल में मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स दिल के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. ये फैट शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल (LDL) को कम करते हैं और गुड कोलेस्ट्रॉल (HDL) को बढ़ावा देते हैं. इससे खून में जमा कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट अटैक या स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा घटता है. जब आप मक्खन, घी या अन्य ऑयली पदार्थों की जगह ऑलिव ऑयल का उपयोग करेंगे, तो आपका दिल मजबूत बनेगा और पूरी कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ बेहतर हो जाएगी.

दिल की बीमारियों और कई अन्य पुरानी बीमारियों का बड़ा कारण शरीर की सूजन होती है. एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट सूजन को कम करने में मदद करते हैं. ये न केवल हार्ट डिजीज से लड़ते हैं, बल्कि डायबिटीज, गठिया और कुछ प्रकार के कैंसर से भी सुरक्षा प्रदान करते हैं. रोजाना ऑलिव ऑयल का सेवन करने से आप कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं. ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल सही मात्रा में करने से भूख कंट्रोल रहती है और ब्लड शुगर लेवल स्टेबल रहता है. यह वजन कम करने में भी मदद करता है, क्योंकि यह आपको लंबे समय तक एनर्जी देता है.ऑलिव ऑयल सिर्फ दिल ही नहीं, बल्कि दिमाग की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है. यह याददाश्त सुधारने, मानसिक स्पष्टता बढ़ाने और अल्जाइमर जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करता है. रोजाना ऑलिव ऑयल खाने से दिमागी कमजोरी दूर होती है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है. इसके अलावा ऑलिव ऑयल पेट और पाचन तंत्र के लिए भी लाभकारी है. यह अच्छे बैक्टीरिया की वृद्धि को बढ़ावा देता है जो पेट की बीमारियों से बचाव करते हैं. साथ ही यह विटामिन्स के अवशोषण में मदद करता है, जिससे आपके शरीर को पोषण सही तरीके से मिलता है.अब सवाल है कि सही ऑलिव ऑयल कैसे चुनें? हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो ज्यादा से ज्यादा हेल्थ बेनिफिट्स पाने के लिए आप एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल ही चुनें, क्योंकि यह सबसे कम प्रोसेस्ड होता है और इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स की मात्रा सबसे अधिक होती है. तेल की ताजगी देखने के लिए उसकी पैकिंग डेट और स्वाद पर ध्यान दें. तेल को ठंडी और अंधेरी जगह पर रखें ताकि इसके पोषक तत्व सुरक्षित रहें. ध्यान रखें कि ऑलिव ऑयल कैलोरी में उच्च होता है, इसलिए दिन में केवल 1 से 2 चम्मच ऑलिव ऑयल ही इस्तेमाल करें. इसका भी ज्यादा सेवन नुकसानदायक हो सकता है.

# वोट बैंक लालच ने बर्बाद किया हिमाचल-उत्तराखंड को

**विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार और डेवलपर्स पर्यावरणीय प्रभावों को नजरअंदाज कर रहे हैं। हिमाचल में 174 छोटे-बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स हैं, जो 11,209 मेगावाट बिजली पैदा करते हैं। इन प्रोजेक्ट्स के लिए पहाड़ों को काटा जाता है।**



लोकतंत्र में चुनी हुई सरकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए दूरदृष्टि के साथ दूरगामी विकास को सिरे चढ़ाया जाए। इसके विपरीत नेताओं को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है। इसके लिए तात्कालिक विकास की नीतियों के फायदे के लिए लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने के साथ ही पर्यावरण के विनाशकारी प्रभावों की अनदेखी करना आम है। यही वजह है कि हिमाचल सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ी लताड़ लगाई है। कोर्ट ने कहा कि अगर अनियंत्रित विकास और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां नहीं रोकी गईं, तो एक दिन पूरा हिमाचल नक्शे से गायब हो सकता है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब हिमाचल में बदलते पर्यावरण को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं और विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ काटे जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की इस कड़ी टिप्पणी के अगले ही दिन उत्तराखंड के चमोली में चमोली जिले में हेलंग के समीप निर्माणाधीन एक हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट के पास पहाड़ एक बार फिर से ढहकर धड़ाम से नीचे गिर गया। इस हादसे में कंपनी के 8 मजदूर घायल हो गए। साइट पर हादसे के वक्त करीब 300 मजदूर थे। जहां पर लैंडस्लाइड हुआ वहां पर 70 के करीब मजदूर कार्य कर रहे थे। ऐसे हादसों के बावजूद हिमालयी क्षेत्र के राज्यों की सरकारों ने कोई सबक नहीं सीखा है। इन राज्यों में विकास के नाम पर बर्बादी की कहानी लिखी जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि कहा कि सरकारों का मकसद राजस्व बढ़ाना नहीं बल्कि पर्यावरण को बचाना होना चाहिए खासकर ऐसे संवेदनशील इलाकों में। कोर्ट ने यह टिप्पणी एक होटल कंपनी की याचिका खारिज करते हुए की। यह कंपनी जून 2025 की उस अधिसूचना के खिलाफ थी, जिसमें हिमाचल के श्री तारा माता हिल को ग्रीन एरिया घोषित कर नई प्राइवेट कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी गई थी। बेंच ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इस साल भी बाढ़ और भूस्खलन में सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों घर तबाह हो गए। यह साफ है कि प्रकृति इंसानी गतिविधियों से नाराज है। कोर्ट ने आगे कहा कि केवल प्रकृति को दोष देना गलत है। हिमाचल में पहाड़ों का खिसकना, सड़कों पर लैंडस्लाइड, मकानों का गिरना और सड़क धंसना, ये सब इंसानों की छेड़छाड़ का नतीजा है। कोर्ट ने भाखड़ा और नाथपा झाकड़ी जैसे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना सही भूगर्भ जांच और पर्यावरण अध्ययन के ये प्रोजेक्ट्स पहाड़ों को कमजोर कर रहे हैं। न्यूनतम जल प्रवाह का पालन न होने से नदियों में जलीय जीवन खत्म हो रहा है। आज सतलुज नदी एक नाले जैसी हो गई है। कोर्ट ने साफ किया कि अब समय रहते सख्त कदम न उठाए गए तो हिमाचल का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। गौरतलब है कि पिछले एक सदी में हिमाचल प्रदेश में औसत तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। यह जलवायु परिवर्तन का एक स्पष्ट संकेत है, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश में आपदाओं की संख्या में तापमान में वृद्धि के कारण, बारिश की तीव्रता और आवृत्ति में वृद्धि हुई है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएँ आ रही हैं। हिमाचल के पांच जिले (चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी) भूकंप के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। भूकंप और लगातार बारिश से पहाड़ कमजोर हो जाते हैं, जिससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ती हैं। हिमाचल में लगभग 58.36 प्रतिशत भूमि तीव्र मिट्टी कटाव के खतरे में है। भारी बारिश के कारण मिट्टी बह जाती है, जिससे पहाड़ों की स्थिरता कम होती है और भूस्खलन का खतरा बढ़ता है। हिमाचल में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। इससे नदियों में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ता है।

हिमाचल में अनियोजित-अवैज्ञानिक विकास कार्यों ने आपदाओं को और बढ़ावा दिया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार और डेवलपर्स पर्यावरणीय प्रभावों को नजरअंदाज कर रहे हैं। हिमाचल में 174 छोटे-बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स हैं, जो 11,209 मेगावाट बिजली पैदा करते हैं। इन प्रोजेक्ट्स के लिए पहाड़ों को काटा जाता है। नदियों का प्रवाह बाधित होता है। वर्ष 2023 में कुल्लू और सैंज वैली में मलाना, सैंज और पार्वती प्रोजेक्ट्स के पास भारी नुकसान हुआ। मंडी, कुल्लू और शिमला में सड़क निर्माण के कारण बारिश में स्लिप और भूस्खलन की घटनाएं आम हैं। शिमला जैसे शहरों में बहुमंजिला इमारतें बन रही हैं, जो पर्यावरणीय चेतावनियों को नजरअंदाज करती हैं। हिमाचल में जंगलों को काटकर बिजली प्रोजेक्ट्स, सड़कों और पर्यटन के लिए जगह बनाई जा रही है।

वर्ष 1980 से 2014 तक किन्नौर में 90 प्रतिशत जंगल गैर-वन गतिविधियों के लिए हस्तांतरित किए गए, जिससे जैव विविधता और मिट्टी की स्थिरता को नुकसान हुआ। हिमाचल में हर साल लाखों पर्यटक आते हैं, खासकर कुल्लू, मनाली और शिमला जैसे क्षेत्रों में। इससे पर्यावरण पर दबाव बढ़ता है। होटल, रिसॉर्ट्स और अन्य निर्माण कार्यों के लिए पहाड़ों को काटा जाता है। कचरे का उचित प्रबंधन नहीं होता। इससे जल स्रोत और नदियां प्रदूषित होती हैं। बाढ़ जैसी स्थिति बनती है। पिछले कुछ सालों में हिमाचल में आपदाओं की संख्या और तीव्रता बढ़ी है। वर्ष 2021 में 476 लोगों की मृत्यु और करीब 1151 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वर्ष 2022 में 276 लोगों की मृत्यु और 939 करोड़ रुपये का नुकसान, वर्ष 2023 में 404 लोगों की मृत्यु तथा 12000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसी तरह पिछले वर्ष 2024 में 358 लोगों की मृत्यु, 1004 घर क्षतिग्रस्त, और 7088 पशु हानि और 18 बादल फटने की घटनाओं ने 14 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स को नुकसान पहुंचाया। कमोबेश ऐसे ही विनाशकारी हालात उत्तराखंड के हैं।

इस साल भी बारिश के कारण उत्तराखंड में एक जून से लेकर अभी तक प्राकृतिक आपदाओं में 25 लोगों की मौत हुई है। उत्तराखंड में नदियां अक्सर भारी बारिश के कारण उफान पर आ जाती हैं, जिससे बाढ़ और भूस्खलन होता है। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा में मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ ने व्यापक विनाश किया था। वर्ष 2021 में उत्तराखंड में 17 प्रमुख बादल फटने की घटनाएं हुईं। जिससे 34 लोगों की मौत हो गई और 106 घर दब गए। आश्चर्य यह है कि इन दोनों राज्यों की सरकारों ने इन प्राकृतिक आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखा। दोनों राज्यों में विकास के नाम अदूरदर्शी प्रतिकूल पर्यावरणीय गतिविधियां जारी हैं। इससे जाहिर है कि नेताओं की नजरें सिर्फ वोट बैंक तक सीमित रहती हैं, लोगों की जान-माल की यदि परवाह होती तो दोनों राज्यों के हालात इतने बदतर नहीं होते।

संपादकीय

## ट्रंप का विचित्र रवैया, भारत के लिए कूटनीतिक कौशल दिखाने का समय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ और अपने मित्र देशों के नेताओं तथा अर्थशास्त्रियों के तर्कों को दरकिनार कर पहले भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल खरीदने को तूल देकर और इतने ही प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। अब उन्होंने भारत के साथ होने वाली व्यापार वार्ता से किनारा करने की भी बात कह दी। इस वार्ता के लिए एक अमेरिकी दल इसी माह के अंत में दिल्ली आने वाला था।ट्रंप की चिढ़ का मूल कारण भारत-पाकिस्तान के बीच तथाकथित संघर्ष विराम कराने के उनके दावे पर भारत का सहमत न होना है। वे अपने इस फर्जी दावे को कई बार दोहरा चुके हैं कि आपरेशन सिंदूर इसलिए थमा, क्योंकि उन्होंने दखल दिया था और दोनों देशों को एक बड़े युद्ध से बचाया था। भारत उनके दावे को सही नहीं मान रहा।प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में साफ कर दिया कि आपरेशन सिंदूर रोकने के बारे में विश्व के किसी भी नेता ने कुछ नहीं कहा। इसके बाद ट्रंप और अधिक बौखला गए और अब वे भारत के खिलाफ न केवल टैरिफ बढ़ाते जा रहे हैं, बल्कि वर्षों की मेहनत से बनाए गए दोनों देशों के संबंधों को नष्ट करने का भी काम कर रहे हैं। उनके दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद जब प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन गए थे तो दोनों नेताओं ने यह तय किया था कि एक अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र कर लिया जाएगा, लेकिन अब भारत से चिढ़े हुए ट्रंप पाकिस्तान की तारीफ कर रहे हैं।उन्होंने भारत को चिढ़ाने के मकसद से ही पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर को अमेरिका बुलाकर भोज कराया और उनकी तारीफ भी की। इसके बदले में मुनीर ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार देने की जरूरत जताई। पता नहीं उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलेगा या नहीं, लेकिन यह साफ है कि वे यह पुरस्कार पाने के लिए कुछ ज्यादा ही बेचैन हैं। इसका एक प्रमाण यह है कि वे विभिन्न देशों के छोटे-बड़े टकराव को रोकने के लिए मध्यस्थता करते रहते हैं। वे अपने को शांति का मसीहा साबित करने पर तुले हैं, लेकिन सब जानते हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने में नाकाम हैं।ट्रंप अपनी खीझ निकालने के लिए यह कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध में रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मदद कर रहा है। ट्रंप भारत को टैरिफ किंग बताकर अपनी शर्तों के हिसाब से व्यापार समझौता करना चाहते हैं और दबाव बनाने के लिए रूस से तेल खरीद को तूल देने में लगे हुए हैं। उन्हें यह पता होना चाहिए कि रूस भारत को तेल बेचे बगैर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रख सकता है, क्योंकि वह चीन के साथ अन्य देशों को भी तेल बेच रहा है और यह किसी से छिपा नहीं कि ट्रंप का चीन पर कोई जोर नहीं चल पा रहा है।सच तो यह है कि जो ट्रंप भारत पर रूस से तेल खरीदने का आरोप लगा रहे हैं, वे यह नहीं देखना चाहते कि खुद अमेरिका उससे यूरेनियम और उर्वरक खरीद रहा है। इसके अतिरिक्त तथ्य यह भी है कि यूरोपीय देश रूस से गैस खरीद रहे हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि ट्रंप के दोहरेपन को दुनिया के कई जाने-माने लोगों के साथ-साथ खुद उनके देश के लोग बेनकाब कर रहे हैं। ट्रंप की दोहरी नीतियों और मनमाने फैसलों से पूरा विश्व परेशान है। अब तो विश्व के प्रमुख देश इस नतीजे पर पहुंच रहे हैं कि जैसे-तैसे ट्रंप के शेष कार्यकाल को झेलना पड़ेगा।अभी ट्रंप ने फार्मा और आइटी कंपनियों को टैरिफ वार से मुक्त कर रखा है, लेकिन भारत को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि उनकी निगाहें इन कंपनियों पर टेढ़ी नहीं होंगी। मनमानापन दिखा रहे ट्रंप कुछ भी कर सकते हैं। अब तो यह भी स्पष्ट हो रहा है कि वे भारत की आर्थिक एवं सैन्य शक्ति बढ़ती हुई नहीं देखना चाहते और इसीलिए उस पाकिस्तान को पुचकार रहे हैं, जो अमेरिका को कई बार धोखा दे चुका है। ट्रंप के विचित्र रवैये को देखते हुए भारत के लिए आवश्यक है कि वह अपने कूटनीतिक कौशल के जरिये उनसे पार पाने की और कारगर रणनीति बनाए।अच्छा होता कि भारत दूसरी बार राष्ट्रपति बने ट्रंप के बदले रवैये को देखते हुए कूटनीतिक चतुराई दिखाता और उनके अहं को तुष्ट करने के बारे में सोचता।

# अंतरिक्ष से मिसाइल युद्ध की प्लानिंग करते शक्तिशाली देश

**पावरफुल देश अंतरिक्ष क्षेत्र को क्यों तवज्जो देने में लगे हैं? क्यों वहां नित नई तकनीकी शक्तियों के विस्तार में जुटे हैं? क्या भविष्य में 'स्पेस स्टेशन' के जरिए मिसाइल अटैक करने की कोई योजनाएं तो नहीं बनाई जा रही हैं?**



भविष्य में लड़ाई लड़ने के तरीके बदलने वाले हैं। पावरफुल मुल्क बंदूक, तोप, तलवारों या अन्य हथियारों से नहीं, बल्कि मिसाइलो से अतंरिक्ष में बनें %स्पेस स्टेशनों% से योजना बना रहे हैं। सुखद ख़बर यहां ये है कि भारत भी इस योजना से पीछे नहीं हैं। अन्य देशों की %मिसाइल अटैक% वाली मंशाओं की संभावनाओं के बीच भारत ने भी अतंरिक्ष में अपना पैर जमा दिया है। ज्यादा नहीं सिर्फ दशक भर बाद किसी पराए नहीं, स्वयं के स्वनिर्मित 'अतंराष्टीय स्पेस सेंटर' में उतरा करेंगे हमारे भारतीय अंतरिक्ष यात्री। इसके लिए भारतीय वैज्ञानिकों की कोशिशें अंतिम चरण में हैं। कुल मिलाकर अगर ये मिशन 10 सालों में मुकम्मल होता है, तो स्पेस में भी हम सफलता के झंडे गाड़ देंगे। आत्मनिर्भरता की विधा में जमीन से कोसों मील दूर अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो द्वारा वर्ष-2035 तक अंतरिक्ष में खुद का 'इंटरनेशनल स्पेस सेंटर' बनाने का ऐलान किया जा चुका है। बीते दिनों बेशक शुभांशु शुक्ला नासा अधिकृत मिशन के जरिए स्पेस सेंटर में उतरे हों, पर भविष्य में जब कोई भारतीय अंतरिक्ष में यात्रा करेगा, तो वह अपने स्पेस सेंटर में ही लैंड करेगा। ऐसी सफलता निश्चित रूप से बदलते हिंदुस्तान की अकल्पनीय, करिश्माई, व अनोखी कही जाएगी।पावरफुल देश अंतरिक्ष क्षेत्र को क्यों तवज्जो देने में लगे हैं? क्यों वहां नित नई तकनीकी शक्तियों के विस्तार में जुटे हैं? क्या भविष्य में 'स्पेस स्टेशन' के जरिए मिसाइल अटैक करने की कोई योजनाएं तो नहीं बनाई जा रही हैं? ऐसे तमाम सवाल लोगों के मन में कौंधने लगे। सवाल उठने वाजिब इसलिए भी हैं, क्योंकि मौजूदा वक्त में ज्यादातर देश अपनी लड़ाइयां जमीन को छोड़कर हवाई मिसाइलों से लड़ने लगे हैं। ईरान, इजरायल, गाजा, फिलिस्तीन, यूक्रेन-रूस और अभी हाल में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में हुए सीजफायर इसके उदाहरण हैं। शायद वो वक्त दूर नहीं, जब आगामी लड़ाईयों की आहटें हमें सीधे अंतरिक्ष से सुनाई दिया करेंगी। अभी तक दो देशों के बीच जंगें जमीन, हवा और पानी में ही दिखती थी। पर, भविष्य की जंगें अंतरिक्ष से लड़ी जाने की संभावनाओं को नहीं नकारा जा सकता? ये बातें बेशक चौंकाने वाली हों, पर ऐसा मुमकिन होता दिखाई पड़ने लगा है? अंतरिक्ष स्टेशनों से युद्ध स्तर पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक शोधों में कुछ मुल्क बीते कुछ दशकों से लगे हुए हैं। अभी तक अंतरिक्ष में मात्र दो ही स्पेस स्टेशन हैं। पहला, 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' जिसे अमेरिका-रूस व अन्य देशों ने अपने साझा प्रयास से मिलकर तैयार किया है। वहीं, दूसरा स्पेस स्टेशन चीन का निजी है। हालांकि अब रूस, अमेरिका, भारत व एकाध और अन्य मुल्क अपने-अपने निजी 'स्पेस स्टेशन' बनाने की अंतिम चरणों में हैं। अगले 10 में भारत के अलावा रूस भी अपना स्पेस स्टेशन स्थापित कर लेगा। मकसद भले ही इन स्पेस स्टेशनों का प्रयोग वैज्ञानिक शोधों के लिए हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि इन स्पेस स्टेशनों के जरिए कुछ देश सैटेलाइट्स मिसाइलों से लड़ाइयां लड़ने का जुगत भिड़ा रहे हों? बहरहाल, 41 बरस बाद शुभांशु शुक्ला के रूप में अब हमारा भी एक अतंरिक्ष यात्री अतंरिक्ष में पहुंचा है जिनके जाने का मकसद 10 साल बाद स्वर्निमित भारतीय स्पेस स्टेशन की तैयारियों की जांच-पड़ताल करना होगा। उनके पहुंचने का माध्यम इस बार भले ही 'एक्सिओम मिशन-4' क्यों न रहा हो? लेकिन भविष्य में ये निर्भरता खत्म होने को है। अंतरिक्ष में निजी स्पेस स्टेशन सिर्फ चीन का है, लेकिन उस दिशा में भारत भी करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2009 में अमेरिका ने रूस के साथ एक करार किया था, जिसमें उन्होंने अपना अलग स्पेस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा था। उस प्रस्ताव की प्रासंगिकता अब समझ में आती है। अपने निजी स्पेस स्टेशन के जरिए अमेरिका अंतरिक्ष से मिसाइल से लड़ने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष में भी अपना एकछत्र राज करना चाहता है। धरती से अंतरिक्ष की दूरी करीब 62 मील है, जिसे पूरा करने में 28 घंटे लगते हैं। इतनी दूरी वाली मारक क्षमता वाली मिसाइल अमेरिका तैयार कर रहा है। अंतरिक्ष में 24 घंटे में 16 दफे सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त होता है। 90-90 मिनट की दिन और रातें होती है। अंतरिक्ष स्टेशन 24 घंटे में पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार चक्कर लगाते हैं। इन सभी की पड़ताल अमेरिका कर चुका है।

सैटेलाइट मिसाइलों का प्रयोग अतंरिक्षत से कैसे हो, इसके लिए नासा की रिसर्च बहुत पहले से जारी है। इसरो और नासा अंतरिक्ष में मानव जीवन, सांस, पानी होने की पड़तालों में भी जुटे हैं। पर, इसरो का अगला कदम सन-2035 में अंतरिक्ष में खुद का 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने के अलावा वर्ष-2040 तक चंद्रमा पर मनुष्य को उतारना है। इसके लिए वह 'मिशन गगनयान' को लांच करने की घोषणा पहले ही कर चुका है। इस मिशन में लगे वैज्ञानिकों को विशेष स्पेस ट्रेनिंग दी जा रही है। मौजूदा अंतरिक्ष में शुभांशु की उड़ान न सिर्फ एक मिशन है बल्कि भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक नए युग में साहसपूर्वक कदम रखने का संकेत भी है। इसरो अपने आगामी 'गगनयान मिशन' को अब तक के सबसे बड़े मिशन में गिन रहा है जिसकी तैयारियां में बीते कई वर्षों से देश के टॉप 400 अतंरिक्ष वैज्ञानिक लगे हैं।

## गाजा पर इजराइल के हमले में दो पत्रकारों सहित 5 की मौत, इजराइल ने एक पत्रकार को बताया हमास का आतंकी

**तेल अवीव।** गाजा पर इजराइल के ताजा हमले में अल-जजीरा के दो पत्रकारों के साथ पांच लोगों की मौत हो गई है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने हमले में मारे गए एक पत्रकार अनस अल शरीफ को हमास का आतंकी बताया है। दी येरुशलम पोस्ट के मुताबिक गाजा के अल-शिफा अस्पताल के पास इजराइल के ताजा हमले में दो पत्रकारों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें अल जजीरा के लिए काम करने वाले फिलिस्तीनी पत्रकार अनस अल शरीफ भी शामिल हैं। हमले के बाद इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बयान जारी कर दावा किया है कि अनस अल-शरीफ हमास के आतंकी सेल के प्रमुख के रूप में काम कर चुका था और इजराइली नागरिकों और आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ रॉकेट हमलों को आगे बढ़ाने में शामिल था।

## नेतन्याहू ने गाजा में विदेशी पत्रकारों को अनुमति देने की योजना की घोषणा की

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करने के दौरान गाजा में अधिक विदेशी पत्रकारों को सेना के साथ रिपोर्टिंग करने की अनुमति देने की योजना की भी घोषणा की। उन्होंने इस मौके पर गाजा में जीत की अपनी रूपरेखा भी पेश की। हमास के खिलाफ 22 महीने से जारी युद्ध के दौरान गाजा में प्रवेश पर कड़ी पाबंदियां लगी रही हैं। 07 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह के हमले के बाद से इजराइल ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अधिकांश विदेशी पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से गाजा में जाने से रोका है। अब तक कुछ चुनिंदा मौकों पर इजराइली सेना ने सुरक्षा अधिकारियों की सख्त निगरानी में पत्रकारों को एंबेड मिशनों पर गाजा ले गए हैं। नेतन्याहू ने कहा, हमने निर्णय लिया है और सेना को निर्देश दिया है कि विदेशी पत्रकारों को, बहुत से विदेशी पत्रकारों को, गाजा में लाया जाए।÷ उन्होंने यह भी जोड़ा, सुरक्षा सुनिश्चित करने में समस्या है, लेकिन मेरा मानना है कि यह जिम्मेदारी और सावधानी के साथ, आपकी सुरक्षा बनाए रखते हुए यह किया जा सकता है।हालांकि, प्रधानमंत्री ने इस योजना के कार्यान्वयन को लेकर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की।

## गाजा सिटी पर कब्जे की इजराइली योजना पर यूरोपीय देशों का कड़ा विरोध

**मैड्रिड।** स्पेन सहित आठ यूरोपीय देशों ने इजराइल की गाजा सिटी पर कब्जे की योजना को लेकर कड़ा विरोध जताया है। इन देशों ने चेतावनी दी है कि इस कदम से बड़े पैमाने पर नागरिकों की मौत हो सकती है और लगभग दस लाख फिलिस्तीनियों को जबरन विस्थापित होना पड़ सकता है। दरअसल, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा सिटी पर नियंत्रण के लिए बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान की मंजूरी दी थी। इस फैसले के बाद इजराइल के भीतर और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। आठों देशों के विदेश मंत्रियों के संयुक्त बयान में कहा है कि यह निर्णय मानवीय संकट को और गहरा करेगा तथा शेष बंधकों के जीवन को और अधिक खतरे में डालेगा। बयान में अनुमान जताया गया कि इस अभियान से अस्वीकार्य स्तर पर नागरिक मौतें होंगी और लाखों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर होंगे। विदेश मंत्रियों ने यह भी कहा कि गाजा सिटी पर कब्जा और सैन्य नियंत्रण, दो-राष्ट्र समाधान की दिशा में एक ÷बड़ा अवरोध÷ साबित होगा, जो ही व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति का एकमात्र मार्ग है। इस बयान पर स्पेन के अलावा आइसलैंड, आयरलैंड, लक्जमबर्ग, माल्टा, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्लोवेनिया ने हस्ताक्षर किए हैं।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, इजराइल के कुछ सहयोगी देशों सहित कई शक्तियां बंधकों की रिहाई और गाजा में मानवीय संकट को कम करने के लिए वार्ता के जरिए युद्धविराम की अपील कर रही हैं।

## लंदन में इजराइली बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर मार्च, मध्य पूर्व तनाव ने बढ़ाई ब्रिटेन में हलचल

**लंदन।** गाजा युद्ध के बीच ब्रिटेन में बढ़ते तनाव के माहौल में लंदन के मध्य क्षेत्र में इजराइली बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर लोगों ने मार्च किया। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास तक रैली निकालने की योजना के साथ आगे बढ़े। मार्च में हिस्सा लेने वालों में नोआ गुटमैन भी शामिल थीं, जो 24 वर्षीय बंधक एव्यातर डेविड की चचेरी बहन हैं। डेविड को पिछले सप्ताह हमास द्वारा जारी एक वीडियो में दिखाया गया था, जिसमें वे गाजा की सुरंग में अपना ही कब्रगड्ढा खोदते हुए बेहद कमजोर हालत में नजर आए। इस वीडियो ने इजराइल में गुस्सा भड़का दिया था। उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर 2023 को हमास-नेतृत्व वाले उग्रवादियों ने इजराइल पर हमले के दौरान 251 लोगों को अगवा किया था। इनमें से करीब 50 अब तक रिहा नहीं हुए हैं और अनुमान है कि 20 जीवित हैं।

इजराइल ने पिछले सप्ताह गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना की घोषणा की थी, जिसे युद्ध समाप्त करने और बंधकों को छुड़ाने की रणनीति का हिस्सा बताया गया। हालांकि, बंधकों के परिजन और कई अंतरराष्ट्रीय नेता इस योजना की आलोचना कर चुके हैं, उनका कहना है कि इससे और खून-खराबा होगा और बंधकों की जान पर खतरा बढ़ेगा।

# काबुल में पानी का संकट गहराया, जिला 13 सबसे अधिक प्रभावित

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पानी का संकट गहरा गया है। राजधानी का जिला 13 सबसे अधिक प्रभावित है। यहां सुबह से शाम तक लोग पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं। बचे-खुचे जल स्रोतों पर बच्चे-बूढ़े-जवानों की लंबी कतार लगी रहती है। तुलूअ न्यूज के अनुसार जिला 13 के निवासियों के लिए जिंदगी एक चुनौती बन गई है। हर किसी को पीने के पानी की एक घूंट की तलाश में सड़कों पर निकलना पड़ रहा है। सुबह से ही कतारें लग जाती हैं। हर कोई पानी खत्म होने से पहले अपने परिवार के लिए थोड़ा-बहुत पेयजल घर ले जाने की उम्मीद करता है। जिला 13 के निवासी यार मोहम्मद ने कहा, मैं हर रोज पांच बैरल पानी खरीदता हूं। पानी की खपत बहुत अधिक है। 1000 लीटर के पानी के एक बैरल की कीमत 1.1 डॉलर चुकानी पड़



रही है। इसी जिले के बशीर अहमद ने कहा, हम पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं। सरकार से हमारी विनती है कि वह इस ओर ध्यान दे। इस इलाके के एक नाबालिग लड़के मोहम्मद फैज ने कहा, मैं सुबह जल्दी आता हूं और 11 बजे तक पानी की व्यवस्था करता हूं। कभी हमारे बैरल भरे होते हैं, कभी खाली रहते हैं। पानी की समस्या पर जल प्रबंधन विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इस चुनौती से निपटने के लिए सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और देश के नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। जल विशेषज्ञ नजीब रहमान सादीद ने कहा, पंजशीर जलग्रहण क्षेत्र से पानी स्थानांतरित करने जैसी परियोजनाएं मददगार हो सकती हैं। बगदरा बांध का काम जल्द पूरा होना चाहिए। ऊर्जा और जल मंत्रालय के प्रवक्ता मतिउल्लाह आबेद ने कहा, मंत्रालय की शाह वा एरोस बांध से काबुल तक पानी पहुंचाने की योजना है। इस्लामिक अमीरात की कैबिनेट ने प्रशासनिक कार्यालय के नेतृत्व में एक समिति गठित की है। इसमें संबंधित विभाग शामिल हैं और तकनीकी कार्य शुरू हो गया है। काबुल शहर को 22 जिलों में बांटा गया है। जिला 13 उनमें से एक है। तालिबान के काबुल के पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत जिला 13 में अनौपचारिक बस्तियों को बड़े पैमाने पर तोड़ा गया था।

## यूनुस शासन में बांग्लादेश चरमपंथी और सांप्रदायिक ताकतों से तबाह हो रहा हैः अवामी लीग

एजेंसी

**ढाका ।** अवामी लीग ने सोमवार को मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पार्टी ने कहा कि देश इस समय चरमपंथी, सांप्रदायिक और आतंकवादी ताकतों के साथ ही विदेशी एजेंटों की खतरनाक गतिविधियों से गंभीर खतरे और तबाही की स्थिति में है। पार्टी ने कहा कि बांग्लादेश में मौजूदा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संकटपर काबू पाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहाल करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में 21 मांगें पेश की गई हैं।

भयानक संकट की ओर इशारा करते हुए पार्टी ने कहा कि बांग्लादेश, जिसे बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में हुए मुक्ति संग्राम के बाद बनाया गया था, आज चरमपंथी, सांप्रदायिक और आतंकवादी ताकतों के हमलों से बुरी तरह प्रभावित है।

पार्टी ने कहा कि देश अब संकट में है और युद्ध के मैदान जैसी स्थिति में पहुंच चुका है- घायल और खून से लथपथ जमीन बन गया है। अवामी लीग ने कहा, देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है, मानवाधिकारों का लगातार हनन हो रहा है, मीडिया की आजादी छिन ली गई है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा, हमले और बलात्कार जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आम लोगों का जीवन और संपत्ति सुरक्षित नहीं है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है।

## तुर्की में 6.1 तीव्रता का भूकंप, एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी

**इस्तांबुल ।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) के अनुसार, यह भूकंप रविवार शाम 7 बजकर 53 मिनट पर सिंदिरगी जिले में आया। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि 81 साल के एक बुजुर्ग को बचाने के बाद उनकी मौत हो गई। कई लोग घायल हुए और 15 से ज्यादा इमारतें गिर गईं। एनटीवी प्रसारक पर दिखाए गए फुटेज में मलबे में तब्दील एक इमारत दिखाई दे रही है, जिसके मलबे में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश की जा रही है। समाचार एजेंसी के अनुसार, मंत्री येरलिकाया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह झटका इस्तांबुल और आसपास के इलाकों में भी महसूस हुआ। इसके बाद एएफएडी और सभी संबंधित एजेंसियों ने तुरंत मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा, ÷फिलहाल, किसी भी प्रतिकूल स्थिति की कोई रिपोर्ट नहीं है, और हम घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रहे हैं। तुर्की मीडिया द्वारा प्रसारित तस्वीरों के अनुसार, भूकंप के बाद



बालिकेसिर प्रांत में कई इमारतें ढह गईं। इससे पहले, 3 अगस्त को भी प्रशांत महासागर में रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर 6.8 तीव्रता का झटका महसूस किया गया था। यह भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजकर 37 मिनट पर आया था। यह क्षेत्रीय राजधानी पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 277 किलोमीटर दूर, 26 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (जीएफजेड) के अनुसार, इससे पहले रूस के कुरील द्वीप समूह में 7 की तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 7.0 मापी और पुष्टि की है कि भूकंप के बाद कोई सुनामी चेतावनी जारी नहीं की गई थी। यह भूकंप कुरील द्वीप समूह के पूर्व में रात दर्ज किए गए 6.2 तीव्रता के एक और भूकंप के बाद आया था। यह भूकंपीय गतिविधि 30 जुलाई को आए 8.7 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद हुई थी, जो अब तक दुनिया भर में दर्ज किए गए छठे सबसे शक्तिशाली भूकंप के बराबर है।

## पाकिस्तान में 22 दिन से खुंजेराब दर्रे के रास्ते चीन के बीच व्यापार और यात्रा बाधित

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्तिस्तान के काराकोरम राजमार्ग (केकेएच) पर चल रहे धरने के कारण लगातार 22वें दिन खुंजेराब दर्रे के रास्ते पाकिस्तान और चीन के बीच यात्रा और व्यापार बाधित रहा। सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच गतिरोध जारी है।

नींद से जागी संघीय सरकार ने समस्या के समाधान के लिए आनन-फानन में सोमवार को बैठक आहूत की है। डान अखबार की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संघीय समिति का गठन किया है। समिति इस मुद्दे के समाधान के लिए आज बैठक करेगी। गिलगित-बाल्तिस्तान के मुख्यमंत्री हाजी गुलबर खान, मुख्य सचिव अबरार अहमद मिर्जा, पीपीपी अध्यक्ष अमजद हुसैन एडवोकेट, पूर्व मुख्यमंत्री और पीएमएल-एन अध्यक्ष हफीजुर रहमान को भी समिति में शामिल किया गया है। ताजिर इत्तेहाद एक्शन कमेटी के विरोध प्रदर्शन की वजह से पाकिस्तान और चीन के बीच व्यापार और यात्रा, साथ ही




सोस्ट ड्राई पोर्ट पर व्यावसायिक गतिविधियां पिछले 22 दिनों से बंद हैं। ताजिर इत्तेहाद एक्शन कमेटी आहूत विरोध प्रदर्शन को व्यापारिक संगठनों, स्थानीय सरकार, विपक्षी दलों और क्षेत्र के धार्मिक समूहों का समर्थन प्राप्त है। इस मामले को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री हाजी गुलबर खान के प्रसास से गठित एक समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के आयोजकों से मुलाकात की। उन्होंने मुद्दों पर चर्चा की और प्रधानमंत्री की समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए सिफारिशें तैयार कीं। प्रदर्शनकारियों ने समिति को दो सूत्री एजेंडा दिया है। उन्होंने खुंजेरब दर्रे के माध्यम से चीन से आयातित वस्तुओं पर राज्य के निवासियों को आयकर, बिक्री कर और अन्य संघीय करों से छूट और एकमुश्त माफी योजना की मांग की है।

# पाकिस्तान से एक दिन में 300 परिवार और 350 कैदी अफगानिस्तान भेजे गए

एजेंसी

**काबुल।** पाकिस्तान से एक दिन में 300 परिवारों और 350 कैदियों को अफगानिस्तान भेजा गया है। पाकिस्तान से निर्वासित किए गए इन लोगों की पीड़ा यह है कि उनका सारा सामान वहीं छूट गया है। अफगानिस्तान पहुंचे इन लोगों को उनके संबंधित क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है। अफगानिस्तान के तुलूअ न्यूज के अनुसार, नांगरहार के अधिकारियों का कहना है कि आवश्यक सहायता प्रदान करने के बाद निर्वासित लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। तोरखम में प्रवासी परिवहन प्रमुख बख्त जमाल गोहर ने कहा, पिछले 24 घंटों में 300 परिवारों को वापस भेजा गया है। इसके अलावा पाकिस्तान ने 350 कैदियों को हमें सौंपा है। इनमें निर्वासित लोगों के 20 परिवार शामिल हैं। इनके पास कानूनी दस्तावेज भी हैं। इन



प्रवासियों और निर्वासित लोगों को परिवहन समिति ने उनके संबंधित क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया है। बख्त जमाल गोहर ने कहा कि कुछ निर्वासित व्यक्ति इस्लामिक अमीरात और अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों से अधिक सहायता प्रदान करने की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान से निर्वासित एजाजुल हक ने कहा, हमारा सारा सामान वहीं छूट गया। मैं अपने साथ केवल एक गद्दा और एक बिस्तर लाया था। एक अन्य निर्वासित शरबत खान ने कहा, 40 साल बाद हम अपने वतन लौट आए हैं। हम खुश हैं, लेकिन सहायता के अलावा हमें जमीन भी चाहिए। बताया गया है कि कुनार के नारी जिले के 50 वर्षीय निवासी अब्दुल्ला को तीन दशक तक पाकिस्तान में रहने के बाद जबरन निर्वासित किया गया है। उनके तीन विकलांग बेटे हैं और उन्हें आठ दिन पहले पाकिस्तान पुलिस ने निर्वासित किया है। अब्दुल्ला ने कहा, मैं मजदूरी कर रहा था। वे अचानक आए, मुझे गिरफ्तार कर निर्वासित कर दिया। मेरे तीन बच्चे विकलांग हैं और बाकी तीन स्वस्थ हैं। उन्हें भी कल निर्वासित कर दिया गया। अब्दुल्ला के बेटे शरीफुल्लाह ने कहा, हमें अपने पिता के बारे में कोई खबर नहीं थी। हमने थानों के चक्कर लगाए, तब पता चला कि हमारे पिता को निर्वासित कर दिया गया है।

## पाकिस्तान के वजीरिस्तान में सैनिकों पर हमला, एक जवान की मौत, जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वजीरिस्तान में सैनिकों की टुकड़ी पर घात लगाकर किए गए हमले में एक जवान की मौत हो गई। इस दौरान सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। डान अखबार की वेबसाइट में सुरक्षा सूत्रों के हवाले से यह खबर आज सुबह प्रसारित की गई। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, सैनिकों की टुकड़ी उत्तरी वजीरिस्तान के शावल मर्राह इलाके से ऊपरी दक्षिणी वजीरिस्तान के सिरनाराई इलाके में आगे बढ़ रही थी। तभी घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस गोलीबारी में जवान नवीद की मौत हो गई। नायक अमजद, सिपाही अबू बकर, सिपाही सियाम, सिपाही नासिर और सिपाही शौकत घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तान की सेना की



मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने अभी तक इस घटना पर कोई बयान जारी नहीं किया है। घायल जवानों को इलाज के लिए रजमाक स्थित एक सैन्य केंद्र में पहुंचाया गया। अधिकारियों के अनुसार, इलाके में सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में फ्रंटियर कोर की गोलीबारी में मारे गए युवक के रिश्तेदारों पर मुकदमा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थानीय पुलिस ने 18 जुलाई को फ्रंटियर कोर (एफसी) की कथित गोलीबारी में मारे गए युवक की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शन के सिलसिले में अब पीड़ित रिश्तेदारों और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। रिश्तेदारों ने चगाई में विरोध प्रदर्शन कर अंतिम संस्कार वाहन के चालक शाह डार की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की थी। द बलूचिस्तान पोस्ट की खबर में दावा किया गया है कि 18 जुलाई को शाह डार पुत्र अमानुल्लाह की चगाई जिले के नोकुंडी इलाके में एफसी की गोलीबारी में मौत हो गई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों और शाह डार



के के परिवार व रिश्तेदारों ने विरोध प्रदर्शन किया था। शव को बाब उमर चौक पर रख कर जाम लगा दिया था। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि युवक की हत्या में शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लेकिन पुलिस ने बल के अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और अब प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस और एफसी पर हमले के आरोप में मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने मामले में कई लोगों को नामजद किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 18 जुलाई को शाह डार की मौत के बाद एफसी ने उसके शव को अपने कब्जे में ले लिया था। परिजनों को शव के पास जाने की अनुमति नहीं दी गई। यह विरोध प्रदर्शन इसी वजह से हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों और सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर हवा में गोलियां भी चलाईं, जिससे स्थिति और बिगड़ गई थी।

## आईडीएफ ने आतंकवाद के आरोप में एक पत्रकार की हत्या की, कहा, 'प्रेस बैज आतंकवाद के लिए ढाल नहीं है'

एजेंसी

**यरूशलम ।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को पुष्टि की कि गाजा में एक हमले में अल जजीरा के पत्रकार अनस अल-शरीफ की मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि वह 'हमास में एक आतंकवादी सेल का प्रमुख' था और चेतावनी दी कि 'प्रेस आतंकवाद के लिए ढाल नहीं है।' अल-शरीफ अपने साथियों, इब्राहिम जहीर, मोमेन अलीवा और मोहम्मद नौफल, के साथ मारा गया। एक बयान में, सेना ने कहा, ÷ल-शरीफ हमास के एक आतंकवादी समूह का प्रमुख था, और उसने इजरायली नागरिकों और आईडीएफ सैनिकों पर रॉकेट हमले किए थे। गाजा से मिली खुफिया जानकारी और दस्तावेज में रोस्टर, टेररिस्ट ट्रेनिंग लिस्ट और वेतन रिकॉर्ड शामिल हैं। यह साबित करते हैं कि वह अल जजीरा से जुड़ा एक हमास कार्यकर्ता था। आईडीएफ ने आगे कहा कि अक्टूबर में उसने गाजा में जब्त की गई सामग्री प्रकाशित की थी, जिससे अल-शरीफ के हमास से सैन्य संबंध की स्पष्ट रूप से पुष्टि हुई थी। सेना ने आगे कहा, ये दस्तावेज एक बार फिर उसकी आतंकवादी गतिविधि की पुष्टि करते हैं, जिसे अल जजीरा ने नकारने की कोशिश की। इजरायली सेना ने कहा कि जब्त किए गए दस्तावेजों में कर्मियों की टेबल्स, टेररिस्ट ट्रेनिंग कोर्स की लिस्ट, टेलीफोन डायरेक्टरी और सैलरी रिकॉर्ड शामिल हैं, जो स्पष्ट रूप से साबित करते हैं कि वह गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी संगठन के लिए एक आतंकवादी के रूप में काम करता था। उन्होंने दावा किया कि इन दस्तावेज़ों से यह भी पता चलता है कि आतंकवादी का कतर के मीडिया नेटवर्क अल जज़ीरा में जुड़ाव था। इजरायल ने कहा कि हमले से पहले, नागरिक हताहतों की संख्या कम करने के लिए सटीक हथियारों का इस्तेमाल, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया आकलन जैसे उपाय किए गए थे। अल-शरीफ अपनी मौत से पहले सोशल मीडिया पर एक्टिव थे और गाजा में इजरायली बमबारी के बारे में एक्स पर पोस्ट कर रहे थे। उनकी मौत की खबर आने के बाद, उनके सहयोगियों ने उनके अकाउंट से एक पहले से लिखा हुआ संदेश पोस्ट किया, जिसमें लिखा थाः अगर मेरे ये शब्द आप तक पहुँचें, तो जान लें कि इजरायल मुझे मारने और मेरी आवाज़ को खामोश करने में कामयाब हो गया है।

## अमेरिकी धरती से पाकिस्तानी सेना प्रमुख की भारत को परमाणु बम की गीदड भभकी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख और स्वयंभू फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने एक बार फिर भारत के खिलाफ परमाणु हमले की धमकी दी है। मुनीर इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं और फ्लोरिडा के टाम्पा स्थित ग्रैंड हयात होटल में एक डिनर के दौरान उन्होंने यह विवादित बयान दिया। डिनर में मौजूद पाकिस्तानी कारोबारी अदनान असद और अन्य मेहमानों के सामने मुनीर ने कहा कि यदि भारत के साथ जंग में पाकिस्तान का अस्तित्व खतरे में आया, तो आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि सिंधु नदी भारतीयों की खानदानी संपत्ति नहीं है और पाकिस्तान के पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं है। मुनीर ने आरोप लगाया कि भारत ने सिंधु जल समझौते का उल्लंघन कर 25 करोड़ लोगों को भूख और प्यास के खतरे में डाल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान भारत के बांध बनने का इंतजार करेगा और जब बांध तैयार हो जाएगा, तब उसे मिसाइलों से उड़ा देगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत पर किसी भी तरह का परमाणु हमले की धमकी से डरने वाला नहीं है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी भारतीय संसद और अनेक मंचों से बार बार दोहरा चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है, स्थगित किया गया है।

# शेख हसीना सहित 47 लोगों के खिलाफ दर्ज तीन मामलों में अधिकारियों के बयान दर्ज

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के तीन अधिकारियों ने राजुक पुर्बाचल न्यू टाउन परियोजना के भूखंडों के आवंटन में धांधली को लेकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 47 लोगों के खिलाफ दायर तीन मामलों में आज अदालत के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए। इसके बाद कोर्ट ने तीनों मामलों की सुनवाई 26 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के उप निदेशक सलाहुद्दीन, सहायक निदेशक अफनान जन्नत केया और एसएम रशीदुल हसन के बयान ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-5 में दर्ज किए गए। न्यायाधीश मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने इसके बाद तीनों मामलों की सुनवाई 26 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने 31 जुलाई को इन मामलों में आरोप तय करते हुए आरोपितों के फरार होने के कारण उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किए थे। इस अदालत के अलावा ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-4 ने 31 जुलाई को इसी संबंध में दर्ज तीन अन्य मामलों में आरोप तय किए थे। 20 जुलाई को ढाका मेट्रोपॉलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने मामलों को विशेष न्यायाधीश की अदालत में भेजा था। इससे पहले पहली जुलाई को अदालत ने इन मामलों में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय सहित 100 लोगों को तलब करते हुए एक राजपत्र अधिसूचना प्रकाशित करने का आदेश दिया था।एसीसी ने 12 जनवरी से 14 जनवरी तक छह मामले दर्ज किए हैं। संबंधित जांच अधिकारियों ने 10 मार्च को आरोप पत्र दाखिल किए। एसीसी के उप निदेशक मोहम्मद सलाहुद्दीन ने 14 जनवरी को शेख हसीना समेत आठ लोगों के खिलाफ पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना में 10 कट्ठा प्लॉट आवंटित करने में सत्ता का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज कराया। जांच अधिकारी और एसीसी की सहायक निदेशक अफनान जन्नत केया ने 10 मार्च को कुल 12 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। एसीसी के सहायक निदेशक एसएम रशीदुल हसन ने इसी सिलसिले में 10 मार्च को शेख हसीना और उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय समेत 15 लोगों के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज कराया। उन्होंने 10 मार्च को 17 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। एसीसी के उप निदेशक मोहम्मद सलाहुद्दीन ने 13 जनवरी को शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, रेहाना के बेटे रदवान मुजीब सिद्दीक और बेटियों ट्यूलिप सिद्दीक और अजमीना सिद्दीक समेत 15 लोगों के खिलाफ राजुक से प्लॉट हासिल करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने का एक और मामला दर्ज कराया। बाद में एसीसी ने 17 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। एसीसी ने उसी दिन शेख हसीना, ट्यूलिप सिद्दीक और अजमीना सिद्दीक सहित 16 लोगों के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया। बाद में एसीसी ने 18 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। उसने 13 जनवरी को रादवान मुजीब सिद्दीक और 15 अन्य के खिलाफ भी एक और मामला दर्ज किया। इस मामले में एसीसी ने 18 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। एसीसी की सहायक निदेशक अफनान जन्नत केया ने 12 जनवरी को शेख हसीना और साइमा वाजेद पुतुल सहित 16 लोगों के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया। एसीसी ने इस मामले में 18 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।


देश का दर्पण न्यूज प्राइवेट लिमिटेड, address- 14 no V ki sikar Road